# पट्टे से अधिक की जमीन कब्जाई और करा लिया निर्माण कार्य

## ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर लगे अतिक्रमण के आरोप

संजय साहू/प्रमोद त्रिपाठी, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कदम उठाने के प्रदेश सरकार के निर्देश और प्रशासन के आदेशों के बाद भी कई जगहों पर अतिक्रमण हावी है। पर ऐसी भी शिकायतें हैं कि पट्टे से अधिक की जमीन को कब्जियाकर उस पर निर्माण करा लिया गया। गांवदारी के डर से ग्रामीण खुलकर नहीं बोलते और दबंग इसी का फायदा उठा लेते हैं। गंभीरता से जांच हो तो मामला सामने आए।

मानिकपुर ब्लाक अंतर्गत रुकमा खुर्द न्याय पंचायत की ग्राम पंचायत कैलहा के मजरे भीखमपुर कॉलोनी में भी यही हालात हैं। ग्रामीण गांवदारी के डर से नाम छिपाते हुए बताया कि कई साल पहले ग्राम पंचायत की जमीन पर इतना कब्जा नहीं था पर अब देखते ही देखते गांवसभा की जमीन पर तकरीबन तीन दर्जन से ज्यादा घर बन गए। आरोप तो यहां तक है कि बिना जांच किए हुए प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी और राजस्व के अधिकारियों ने यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लोगों को लाभार्थी भी कर दिया।


इस क्षेत्र पर लग रहे अवैध कब्जे के आरोप। अमृत विचार

बताया जाता है कि ज्यादातर के कैलहा गांव के अंदर पहले से घर बने हुए हैं। लोगों का कहना है कि इस जमीन को अगर सही समय पर खाली न करवाया गया तो पूरी जमीन अतिक्रमणकारियों के कब्जे में आ जाएगी। बजरंग इंटर कॉलेज सपहा के बगल में अतिक्रमण की बात कही जा रही है। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुकमा बुजुर्ग के सामने भी इसी तरह के कब्जों की शिकायतें हैं। इसके कारण आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाहर से दिखता तक नहीं है। लोगों का कहना है कि प्रशासन इस ओर गंभीरता से जांच कराए और अतिक्रमण पाए जाने पर इसे हटवाया जाए। दोषियों पर कार्रवाई भी की जाए।

### गांवदारी में वोट बैंक साधने का मकसद

बताया जाता है कि प्रधान हो या ग्रामीण, वोट साधने की वजह से इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाई। जिसने भी लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुंचाने का काम किया, उसे उतने ही ज्यादा वोट मिले। किसी न किसी बहाने पट्टा करना भी इसी जुगत के तहत होता है।

### पहले कच्चा, फिर बनाया पक्का घर

ग्रामीण दबी जुबान में कई लोगों का नाम लेते हुए बताते हैं कि इन लोगों ने पहले सरकारी जमीन पर कच्चे घर बनाए और कई बीघा जमीन अतिक्रमण कर ली। इसके बाद धीरे-धीरे पत्थरों की चाहरदीवारी बनाकर उस घर को पक्का कर लिया।

### लेखपाल बोले- तुम आकर लेखपाली कर लेव

लेखपाल रामकिशोर पटेल ने बताया कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण की जानकारी उन्होंने उच्चाधिकारियों को दी थी। पता नहीं कि उस पर क्या कार्रवाई हुई। उन्होंने कहा कि लोगों की बात मान लीजिए, हमसे क्यों पूछते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लेखपालों की भर्ती करा लीजिए तो सब पता चल जाए। हम कहां कहां मरि जई। नहीं तो तुम आकर लेखपाली कर लेव।

### ग्रामीणों का दावा- जांच में भी साबित हुई थी बात

ग्रामीण दावा करते हैं कि स्थानीय लेखपाल रामकिशोर पटेल ने यहां पर जांच की थी और उसमें यह बात सामने निकल कर आई थी कि कुछ ही लोगों के पते यहां पर हैं। निर्माण कार्य की जानकारी भी अधिकारियों को भेजी गई थी पर बाद में क्या हुआ, पता नहीं। कहा तो यहां तक जाता है कि घर बनाने के लिए हरे पेड़ भी काट दिए गए। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### एसडीएम ने कहा-जांच कराएंगे

इस संबंध में लोगों ने तत्कालीन एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव से भी शिकायत की थी। वर्तमान एसडीएम मानिकपुर पंकज वर्मा ने बताया कि मामला उनकी संज्ञान में आया है तो वह जांच कराकर उचित कार्रवाई करेंगे। एसडीएम के इस कथन से गांववालों में आशा बंधी है कि ग्रामसभा की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि अगर अवैध कब्जा हट जाए तो सरकारी जमीन किसी और काम में उपयोग की जा सकेगी।

## एक नजर

### रामभरोसा बांध में चलाया सफाई अभियान

**चित्रकूट, अमृत विचार :** प्रोजेक्ट अमृत के तहत रामभरोसा बांध में सेवादारों एवं श्रद्धालुओं ने आनंद राज श्रीवास्तव एवं सेवादल प्रभारी संदीप साहू के मार्गदर्शन में सफाई अभियान चलाया। यह जानकारी संत निरंकारी मिशन के मीडिया प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव ने दी। बताया कि प्रोजेक्ट अमृत के स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है।

### परिक्रमा पथ पर चला नियमित सफाई अभियान

**चित्रकूट, अमृत विचार :** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने रविवार को कामतानाथ परिक्रमा पथ पर नियमित सफाई अभियान चलाया। इस बार रामायण दर्शन के सामने सफाई की गई। समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने अनुरोध किया कि परिक्रमा मार्ग पर गंदगी न फैलाएं। इस दौरान कृष्णा शुक्ला, अंकुर केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, वीरेंद्र कुमार, पप्पू, विनय, दिनेश, राजेश आदि ने सहयोग किया।

### महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

**चित्रकूट, अमृत विचार :** मिशन शक्ति के चौथे चरण के तहत थानों की एंटी रोमियो टीमों ने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। इनको मिशन शक्ति व 'शक्ति दीदी के संबंध में बताया गया। हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें पंफलेट भी दिए गए। कहा गया कि किसी भी परेशानी में टोलफ्री नंबरों पर कॉल कर मदद ली जा सकती है। बताया कि शिकायर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# कौन खा गया शिक्षकों की बोर्ड परीक्षा ड्यूटी का पैसा: अखिलेश

**उठाई मांग**

▸▸ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ने कहा-सीएम से करेंगे शिकायत

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बोर्ड परीक्षाओं में परिषदीय शिक्षकों को पारिश्रमिक न दिए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने सवाल किया है कि परीक्षा ड्यूटी में शिक्षकों की मेहनत का पैसा कौन खा गया। मांग की कि इसकी जांच की जाए।

अखिलेश ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में प्रतिवर्ष सैकड़ों बेसिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है। आरोप लगाया कि परीक्षा ड्यूटी के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा भेजा जा रहा पारिश्रमिक परिषदीय शिक्षकों को न देकर उसका बंदरबांट कर लिया जाता है। बताया कि गत वर्षों मे ड्यूटी कर चुके शिक्षकों ने उनको बताया है कि वर्ष 2022 व 2023 की बोर्ड परीक्षा में उनके द्वारा ड्यूटी की गई पर विभाग द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक आज तक नहीं दिया गया। शिक्षक नेता ने सवाल किया कि परिषदीय शिक्षकों को बोर्ड परीक्षा ड्यूटी का पैसा नहीं दिया जा रहा है तो हक पर डाका डालकर प्रतिवर्ष लाखों रुपये का भ्रष्टाचार कौन कर रहा है और किसकी शह से कर रहा है? उन्होंने कहा कि परिषदीय शिक्षकों के साथ होने वाले भ्रष्टाचार और अन्याय की शिकायत मुख्यमंत्री व मंत्री माध्यमिक शिक्षा से की जाएगी। शिक्षकों को परीक्षा ड्यूटी का पारिश्रमिक नहीं मिला तो भविष्य में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित प्रत्येक परीक्षा का बहिष्कार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारिश्रमिक न दिए जाने से शिक्षकों में आक्रोश है, इस पर विभाग को ध्यान देना चाहिए।

# जिले की 9 सहायिकाएं बनीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में नौ आंगनबाड़ी सहायिकाओं को कार्यकर्ता पद पर पदोन्नत किया गया है। रविवार को बांदा में मंडलायुक्त बीके त्रिपाठी ने इनको नियुक्ति पत्र सौंपे।

रविवार को मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने लखनऊ में हुए कार्यक्रम में मिशन रोजगार के तहत विभिन्न विभागों व आयोगों से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए और ईमानदारी से काम करने की प्रेरणा दी। इसी क्रम में बांदा में हुए कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर बांदा, हमीरपुर और महोबा की आंगनबाड़ी सहायिकाओं को भी नियुक्ति पत्र दिए गए। कार्यक्रम में अमरपाल सिंह अपर आयुक्त प्रशासन, जिला कार्यक्रम अधिकारी बांदा केएन तिवारी, चित्रकूट पीडी विश्वकर्मा, हमीरपुर शैलेंद्र सिंह के अलावा बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि मौजूद रहे। डीपीओ पीडी विश्वकर्मा ने बताया कि जिले से 9 सहायिकाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में चयनित किया गया है। इनमें खंडेहा से सरिता देवी, मानिकपुर से लीलावती और राधा देवी, पहाड़ी से सत्यवती हैं। पांच सहायिकाएं कर्वी ब्लॉक की हैं। इनमें अमानपुर की सुनीता देवी और अनीता देवी, गोंड़ा की सरिता देवी, संग्रामपुर की कुसुम पटेल, शिवरामपुर की सरोज देवी शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में 221 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और 286 सहायिकाओं के पद रिक्त हैं। बताया कि इनके चयन के लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी।


सहायिका को नियुक्ति पत्र सौंपते कमिश्नर। अमृत विचार

# जीते जी ही कर लिया अपना अंतिम संस्कार

**अजब-गजब**

▸▸ छीबों गांव में सामने आया आश्चर्यजनक मामला

हरीनारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** कलियुग में कुछ भी असंभव नहीं। कोई कुछ भी कर बैठता है। छीबों गांव को ही लीजिए, जहां एक जीवित व्यक्ति ने अपना अंतिम संस्कार कर दिया और अब वह सिर मुंडवाकर बैठा है। उसका कहना है कि वह तेरहवीं संस्कार भी धूमधाम से करेगा।

गांव निवासी ठाकुर रविशंकर सिंह (45) पुत्र स्व. नवल सिंह अविवाहित हैं। इनके भाई हरीशंकर बताते हैं कि तीन भाइयों में उमाशंकर के बाद सबसे छोटा रविशंकर पहले प्रयागराज में रहकर मार्बल पत्थर की घिसाई का काम करता था। उनका कहना है कि वहीं पर यह गलत सोहबत में पड़ा और शराब पीने का आदी हो गया। अब तो शराब भी नहीं पीता। पिछले आठ माह से यह घर में ही है। बताया कि ऐसा लगता है कि इसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं। अविवाहित होने की वजह से इसको लगता है कि इसकी मृत्यु के बाद कोई अंतिम संस्कार नहीं करेगा और ऐसे में इसने यह किया है। बताया कि शनिवार को एक आचार्य को बुलाकर मृत्यु के बाद होने वाली रस्म पूरी कराईं।


अंतिम संस्कार करने के बाद बैठा रविशंकर।

### बातचीत में सामान्य दिखा

हालांकि, बातचीत में रविशंकर पूरी तरह सामान्य नजर आया। उसने बताया कि भगवान के इच्छा से यह किया है। पहले कीर्तन करांव फिर रामायण करांव फिर गंगा माई की कृपा से यह कर दिया। जब उससे पूछा गया कि क्या परिवार वाले यह नहीं करते तो उसने कहा कि वह भी कर देंगे पर भगवान की यही इच्छा है।

### एक माह पहले किया था भंडारा

हरीशंकर ने बताया कि एक माह पहले रवि ने अखंड मानस पाठ कराया था। इसके बाद भंडारा किया। 15 दिन पहले फिर कीर्तन कराया और फिर भंडारा। इसके बाद इसको पता नहीं क्या सूझी कि अपना ही अंत्येष्टि और क्रियाकर्म संस्कार कर बैठा। बताया कि रविशंकर के हिस्से में तीन बीघे जमीन भी है।

### बदलाव के दौर में कुछ आश्चर्यजनक नहीं-रामकृष्ण

इस संबंध में भागवतवक्ता आचार्य रामकृष्ण कहते हैं कि अपने जीते जी अपनी ही अंत्येष्टि क्रियाएं लौकिक संसार में बन्धु बान्धव परिवार के लोग आदि काल से करते आए हैं और करते हैं लेकिन शास्त्रों में नागा साधुओं के लिए ही स्वयं द्वारा निर्धारित करने की परंपरा प्रमुख रूप से रही है। गृहस्थ जीवन में तो ऐसा किसी को भी नहीं करना पड़ता है। परिवार करता है लेकिन बदलाव के दौर में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है।

# दंगल में क्षेत्रीय पहलवानों का रहा दबदबा

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** पालेश्वर नाथ धाम में रविवार को दो दिवसीय दंगल का समापन हो गया। इसमें क्षेत्रीय पहलवानों का दबदबा रहा।

कस्बे के मध्य स्थित भगवान पालेश्ववर नाथ धाम में माघ माह की पूर्णिमा से दो दिवसीय दंगल व पंद्रह दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। रविवार को दंगल के दूसरे दिन का उद्घाटन साईं धाम ट्रस्ट नोनार के संचालक बलीशंकर तिवारी ने पहलवानों सहादेव बांदा व संतोष कौशांबी के हाथ मिलाकर कुश्ती शुरू कराकर किया। राजेश पहलवान दरसेड़ा और आनंद जालौन के बीच हुई कुश्ती में राजेश विजयी रहे। अंतिम दिन करीब एक दर्जन कुश्तियां हुई। इसमें बंटी मेरठ ने राधेश्याम कानपुर, रामबाबू हमीरपुर ने मलखान घाटमपुर, रौनक महुआगांव ने शिवम् रौली, तुलसीराम कन्नौज ने अजय कानपुर, अमित बांदा ने मुकेश छतरपुर, वीरेंद्र इचौली ने राधे कानपुर, सोनू सिंह पहाड़ी ने वीरभान कौशांबी, राजेश फतेहपुर ने अजय कानपुर, अनूप महुआगांव ने शंकर फतेहपुर, अज्जू असोह ने राजेश फतेहपुर, संतलाल शमसाबाद ने वीरभान कौशांबी, अमित बांदा ने दिनेश फतेहपुर, प्रकाश जालौन ने राजू लखनऊ, राजेश अगरहुंडा ने संतोष कौशांबी, गोपाल महुआगांव ने बंटी मेरठ को हराया। प्रबंधक शांती देवी इंटर कालेज सुनील सिंह व बलीशंकर तिवारी ने पहलवानों की हौसलाफजाई की। साथ ही इस तरह के आयोजनों में हर संभव मदद की बात कही। इस मौके पर लक्ष्मण पटेल, मनोज द्विवेदी, सुशील सिंह रघुवंशी, रमाकांत पांडेय, रमाकांत त्रिपाठी, राजेश सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, महेंद्र सिंह, विशाल सिंह उर्फ बासू, उदयवीर सिंह, शैलेंद्र सिंह, रामप्रकाश उपाध्याय, गोपी पांडेय आदि मौजूद रहे। उद्घोषक की भूमिका प्रवक्ता चंद्रदत्त त्रिपाठी और दिनेश सिंह ने निभाई। रमाकांत त्रिपाठी और राजेंद्र त्रिपाठी निर्णायक रहे। प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल और सब इंस्पेक्टर शिवशरन तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी।


हाथ मिलवाकर कुश्ती की शुरुआत कराते अतिथि। अमृत विचार

## प्रार्थना सभा में छात्रों को किया सम्मानित

**चित्रकूट, अमृत विचार:** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में प्रार्थना सभा मंच से शुक्रवार को खेल, ललित कला, बौद्धिक, सांस्कृतिक विधाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जेआर दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर पांडेय और कालिदास अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ. गोविंद दत्तात्रेय ने इन्हें सम्मानित किया। उन्होंने इन्हें शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा, प्रो. आईपी त्रिपाठी, प्रो. नंदलाल मिश्रा, प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. डीपी राय, डॉ. आंजनेय पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. आरके पांडेय ने किया।

# एसडीएम ने पटाखा गोदामों में की छापेमारी

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार :** जनपद कौशांबी में पटाखा फैक्टरी में विस्फोट की घटना के मद्देनजर अहतियात के तौर पर रविवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद झा व प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने पटाखा बिक्री के स्थानों व गोदामों में छापेमारी की। अधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर औ लाइसेंस को भी देखा।

रविवार शाम एसडीएम ने स्थानीय पुलिस बल के साथ कस्बे के सरांय तलैया स्थित पटाखा बिक्री करने वाले आबिद अली की दुकान में औचक छापेमारी की। घर व दुकान में कोई आपत्तिजनक विस्फोटक सामग्री नहीं पाई गई। इसके अलावा छीबों रोड स्थित आबिद अली पटाखा लाइसेंसधारक के गोदाम में अचानक पहुंचकर एसडीएम ने स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस को देखा। अग्निशमन यंत्र व बालू से भरी बाल्टी मौके पर पाई गई। एसडीएम ने गोदाम में लगे दरवाजे में जाली लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारों को हिदायत दी कि गोदाम से ही पटाखा उचित मात्रा में बेचें। घर और दुकान में बिक्री करते पाया गया तो आतिशबाज के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कस्बे में लाइसेंसधारकों के अलावा कोई चोरी छिपे पटाखा बिक्री करते व स्टॉक रखता पाया गया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


पटाखा बिक्री वाली जगह पर जानकारी लेते एसडीएम, साथ में एसओ।

## सार-संक्षेप

### आचार्य विद्यासागर महाराज को दी विनयांजलि


विनयांजलि देते लोग। अमृत विचार

**बरगढ़ (चित्रकूट), अमृत विचार :** जैन मंदिर में रविवार को श्रद्धालुओं ने आचार्य विद्यासागर महाराज को विनयांजलि दी। दीप प्रज्ज्वलित कर एक मिनट का रखा। आचार्य विद्यासागर महाराज ने तीन दिन के उपवास के बाद देह त्याग दी थी। जैन समाज के अध्यक्ष विनय जैन ने बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज का अंतिम संस्कार छत्तीसगढ़ राज्य के चंद्रगिरी तीर्थ पर किया गया था। वह सभी के लिए पूज्यनीय थे। विनयांजलि सभा में ग्राम प्रधान शैलेश शुक्ला, हरीश चंद्र जैन, दीप चंद्र, विजय जैन, फूलचंद्र, राजू जैन, इदेश जैन, लकी, किशुन, गौरव, समर्थ और सत्यम जैन आदि मौजूद रहे।

### संचार कौशल की तकनीक समझाई


कार्यशाला में मौजूद ग्रामीण बच्चे। अमृत विचार

**चित्रकूट, अमृत विचार :** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फार मदर एंड चाइल्ड के प्रोजेक्ट जाग्रति परियोजना के अंतर्गत जीवन कौशल पर आधारित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मानिकपुर ब्लाक के टिकरिया, कोठिलिहाई, कुईं, भौंरी, रैपुरा, खरौंध आदि गांवों में दिल्ली से आए प्रशिक्षक दीपक ने किशोर-किशोरियों को वार्तालाप/संचार कौशल, निर्णय लेने, समस्या एवं समाधान करने, आर्थिक साक्षरता कौशल पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने प्रतियोगिताएं कराकर इस संबध में बताया। इस मौके पर जिला समन्वयक राजीव कुमार पाठक, खंड समन्वयक यशवंत सिंह, ओआरडब्लू मंदाकिनी, रीतू, शिक्षक आदि मौजूद रहे।

### ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**रामनगर (चित्रकूट), अमृत विचार :** पियरियामाफी के दुदुवा तालाब के पास रविवार को तेज़ रफ़्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इससे कपसेठी निवासी प्रकाश मुन्ना निषाद (26) और संतोष (55) घायल हो गए। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया और परिजनों को जानकारी दी गई है।

**दिक्कत**

सुविधाओं के लिए बुंदेली सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर सुविधाएं मुहैया कराने की उठाई मांग

# गले नहीं उतरती मठदर के भैरम बाबा स्थान की उपेक्षा

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** पाठा क्षेत्र में तमाम ऐसे स्थल हैं, जिनका पर्यटन विकास करके लोगों को इसके भ्रमण के लिए आकर्षित किया जा सकता है। इन स्थानों पर मूलभूत सुविधाओं की कमी अखरती हैं और लोग आमतौर पर जाने से हिचकिचाते हैं।

ग्राम पंचायत मड़ैयन अंतर्गत आने वाले आस्था के केंद्र मठदर के भैरम बाबा स्थान की उपेक्षा से आस्थावान आहत हैं और यह उपेक्षा उनके गले नहीं उतरती। आज भी यहां सड़क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इस धार्मिक स्थान पर वर्षपर्यंत भंडारे और अन्य धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। भादों महीने में आसपास के दर्जनों गांवों के लोग यहां आते हैं। बुंदेली सेना ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर मठदर में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराने की मांग की है। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मठदर के करीब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा भी कर चुके हैं। उस जगह के पास ग्राम पंचायत ने आदर्श तालाब का निर्माण कराया है और मुख्य सड़क से तालाब के लिए इंटरलाकिंग मार्ग बनवाया गया है। लेकिन नजदीक ही मठदर की सड़क आज भी अधूरी है। बताय कि वन विभाग क्षेत्र में आने वाली यह सड़क मुख्य मार्ग से लगभग तीन किमी लंबी है। यहां ऊबड़खाबड़ और पथरीले रास्ते से होकर आस्थावान आते जाते हैं। यहां पेयजल की समस्या को देखते हुए कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने सोलर पंप लगवाया है। गांववालों और श्रद्धालुओं का कहना है कि अब यदि सड़क और बिजली की समस्या का समाधान भी हो जाए तो सोने में सुहागा।


इस मार्ग से होकर आते-जाते हैं श्रद्धालु। अमृत विचार

### लोगों में है आस्था

मठदर का यह धार्मिक स्थान ग्रामीणों की आस्था का बड़ा केंद्र है। यहां पाठा क्षेत्र की लगभग छह ग्राम पंचायतों के दर्जनों गांव-मजरों के लोग पहुंचते हैं। इसके अलावा मुख्यालय के सोनेपुर, कर्वी माफ़ी, कोलगदहिया के ग्रामीण और व्यापारी यहां सालभर में एकबार भंडारा करने और प्रसाद चढ़ाने जाते हैं।

# बिजलीकर्मियों को बंधक बनाने का आरोप

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** बिजली का कनेक्शन काटने गई विभागीय टीम का ग्रामीणों से विवाद हो गया। आरोप है कि इस पर लोगों ने इनको बंधक बना लिया। जेई ने भागकर अपनी जान बचाई। इस संबंध में बहिलपुरवा थाने में तहरीर दी गई है। हालांकि एसओ ने बंधक बनाने जैसी किसी घटना से इंकार किया है।

मामला रविवार की दोपहर का है। बताया जाता है कि बिजली विभाग की टीम सरैया पावर हाउस अंतर्गत ऐचवारा गांव के मजरे तख्तूपुरवा में कनेक्शन चेक करने गई थी। टीम में दो रीडिंग मैन तथा छह लाइनमैन थे। बकाया होने की वजह से टीम ने कनेक्शन काटने की कोशिश की। आरोप है कि ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। विवाद होने लगा तो ग्रामीण इकट्ठा हो गए। बताया जाता है कि इन लोगों ने बिजलीकर्मियों को घेरकर बंधक बना लिया। मौके से जेई धर्मदास पटेल ने बहिलपुरवा थाने में सूचना दी। उधर, इस संबंध में थाना प्रभारी राम सिंह ने बताया कि गांव में बवाल नहीं हुआ है। सरकार चाह रही है कि किसानों को रियायत दी जाए और बिजली वाले वहां जाकर कनेक्शन काटने लगे। ग्रामीणों ने कहा कि सिंचाई का समय है, अभी कनेक्शन न काटिए। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। विभागीय लोगों ने तहरीर दी है। उन्होंने कहा कि हमला और बंधक बनाने की बात गलत है। उधर, उदय सिंह के परिजनों ने बताया कि उनकी तबीयत खराब थी। बिजली विभाग के लोगों से पूछा गया तो उन्होंने कोई बात नहीं मानी। बंधक बनाने का आरोप सरासर गलत है। अब सरकारी लोग हैं, चाहे जो कुछ कहें।

### जेई बोले- बंधक बनाया और अभद्रता की

जेई धर्मदास पटेल ने बताया कि आरोपी के घर के अंत में केबिल ले जाकर मीटर लगाया गया है, मीटर भी बंद था। इस पर इसे कटवा दिया गया तो उदय सिंह गाली-गलौज करने लगे। कनेक्शन कटवाकर जा रहे थे कि गांव के 5-6 लोग आ गए। उल्टा-सीधा बोलने लगे और बंधक बना लिया। इस पर एसडीओ व एसओ को सूचना दी गई। उन्होंने कहा कि पैसा भी नहीं दे रहे और बिजली भी जला रहे हैं। यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बताया कि गांव के लगभग 12 लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है।

# मंडल के चार जनपदों के चयनित 151 कर्मचारियों को मिले नियुक्ति पत्र

## पत्र देकर बोले आयुक्तः आपका उद्देश्य मात्र नौकरी नहीं, सेवा भाव भी होना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** आईसीडीएस, विद्युत विभाग, आयुष विभाग व स्वास्थ्य विभाग समेत मंडल स्तर पर चारों जनपदों के 151 नव चयनित कर्मचारियों को मंडलायुक्त ने आयुक्त सभागार में नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि मिशन रोजगार अंतर्गत निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जा रहा है। उन्होंने नव चयनित कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका उद्देश्य मात्र नौकरी नहीं सेवा भाव भी होना चाहिए।

मिशन रोजगार अंतर्गत रविवार को मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग और विद्युत सेवा आयोग के माध्यम से राज्य सरकार की विभिन्न सेवाओं में कुल 1782 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण कर शुभारंभ किया। इसी क्रम में मंडल आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने आयुक्त सभागार में मंडल के चारों जनपदों के 151 नव चयनित कर्मचारियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया, जिसमें आईसीडीएस के 54 कर्मचारी, विद्युत विभाग के 12, आयुष विभाग के 11, स्वास्थ्य विभाग के 36 और मंडल स्तर के 2 दंत चिकित्सक कर्मचारियों को नियुक्त पत्रों का वितरण किया।


अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र सौंपते मंडलायुक्त। अमृत विचार

आयुक्त ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नव चयनित कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने कार्य एवं दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चयन के बाद ही असली कार्य करने का मौका मिला है। आपका उद्देश्य मात्र नौकरी नहीं, बल्कि सेवा भाव होना चाहिए। अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना और इसका अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री का देश एवं प्रदेश के लिए लक्ष्य बहुत बड़ा है। मिशन रोजगार के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश विकसित भारत की संकल्पना के साथ विकास की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम का संचालन अपर आयुक्त प्रशासन अमरपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल श्रीवास्तव समेत मंडल के सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### इनको मिले नियुक्ति पत्र

इसमें आयुष विभाग के डॉक्टर प्रतिमा त्रिपाठी, डॉक्टर हिमांशी सिंह, डॉक्टर नेहा, डॉक्टर अनिल गुप्ता, डॉक्टर उपासना मिश्रा, डॉक्टर माधुरी, डॉक्टर दिलीप कुमार गुप्ता, डॉक्टर ओम पांडेय, डॉक्टर देवांशी अग्रवाल, डॉक्टर धीरेंद्र द्विवेदी, डॉक्टर कृष्ण बिहारी, विद्युत विभाग में जीवेश सिंह, शोभित गुप्ता, संदीप कुमार, शिफा, रवि नामदेव, विनोद कुमार, राघवेंद्र सोनी, भूपेंद्र कुमार, सुधीर, मुकेश कुमार, योग प्रशिक्षक में सिखा देवी, प्रशांत कुमार, रेनू, ज्ञान प्रकाश, मालती देवी, सुरेश शर्मा, जिला कार्यक्रम विभाग में ममता देवी, आशा देवी, राजकुमारी, कुसुम पटेल, सरोज देवी, वंदना, कपूरी देवी, राजकुमारी अहिरवार, राजकुमारी रैकवार, राम श्री तथा मनरेगा विभाग में अखिलेश प्रजापति, राकेश, अंबुज कुमार, किरण देवी, संजय कुमार आदि अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया। विभागों में नियुक्ति से लोगों को भी फायदा होगा।

## एक नजर

### दिनेश बने राष्ट्रीय किसान मोर्चा के प्रदेश महासचिव

**बांदा :** बामसेफ राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम की संस्तुति पर किसान नेता दिनेश निरंजन को राष्ट्रीय किसान मोर्चा का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर समर्थकों ने खुशी जताई है। बुंदेलखंड क्षेत्र में गरीब मजदूर शोषित, वंचित, कमेरावादी, गरीब, मजदूर और किसानों की आवाज बुलंद करने वाले किसान नेता को प्रदेश महासचिव की नई जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त प्रदेश महासचिव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी का आभार व्यक्त किया। कहा संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वाहन वह पूरी ईमानदारी से करेंगे। अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और किसानों के हक के अधिकारों की लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

### 46 मरीजों की आंखें जांची

**नरैनी (बांदा) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा में नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में चिकित्सकों ने 46 रोगियों की जांच की। इसमें कुछ को मोतियाबिंद पाया गया। लेंस प्रत्यारोपण व उपचार के लिए जिला अस्पताल व रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसंडा के चिकित्सक डा.सोहेल खान की देखरेख में शिविर का आयोजन किया गया। प्रदीप कुमार और ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर शैलेन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता में अपोलो टेलीक्लिनकल एवं अपोलो टेली ऑप्ट्रोमेट्री के साथ एनएसडीसीटीसी पैरामेडिकल वोकेशनल इंस्टीट्यूट द्वारा निशुल्क नेत्र ज्योति जांच शिविर लगा। शिविर में बैचलर ऑफ वोकेशनल इन आप्ट्रोमैट्री मोनिका गुप्ता ने 46 लोगों की नेत्र ज्योति जांच की।

## युवक की मौत जहर खिलाकर हत्या का आरोप

**बांदा :** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने जहर खिलाकर मार डालने का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कमासिन थाना क्षेत्र के दांदौ रोड अम्बिका नगर निवासी ननकवा (36) पुत्र कुंजल वर्मा अपनी मां रुकमिनिया के साथ रहता था। शनिवार की रात पड़ोसी युवक ने घर पर मीट बनाया था। सभी लोगों ने खाना खाया। पड़ोसी युवक अपने घर चला गया। ननकवा चारपाई में लेट गया। सुबह जब देर तक वह नही जागा तो मां ने उसे आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शोर सुनकर बड़ा भाईर रूपराज मौके पर पहुंच गया। हिला-डुलाकर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। भाई रूपराज का कहना है कि पिता ने एक सप्ताह पहले चार बीघा जमीन बेची थी। हिस्से में सवा लाख रुपया ननकवा को दिया गया था। आरोप है कि पड़ोसी युवक ने उसके भाई के खाने में जहरीला पदार्थ मिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गए। और रुपए लेकर फरार हो गए। थानाध्यक्ष जयचंद्र ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट के बाद बता पाएंगे।

# निरंकारी स्वयंसेवकों ने केन के घाटों में की सफाई


केन नदी में सफाई अभियान चलाते स्वयंसेवक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● स्वच्छ जल-स्वच्छ मन योजना के तहत चलाया गया अभियान

**अमृत विचारः** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वच्छ जल, स्वच्छ मन अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने केन नदी और घाटों की सफाई की। सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक चले अभियान में नदी स्थित आरती स्थल और घाटों से गंदगी हटाते हुए स्वच्छ बनाया। साफ-सफाई के बाद घाटों का स्वरूप निखर उठा।

प्रोजेक्ट अमृत के तहत रविवार को स्वच्छ जल-स्वच्छ मन अभियान के दूसरे चरण में संत निरंकारी निरंकारी मिशन कोआर्डिनेटर (प्रचार-प्रसार) डा.दर्शन सिंह और क्षेत्रीय संचालक डा.सुरेश सिंह की अगुवाई में स्वयंसेवकों का जत्था केन नदी आरती स्थल पहुंचा। यहां केन नदी, आरती स्थल और अन्य घाटों में जमी गंदगी हटाई। अभियान में लगभग दो सैकड़ा से ज्यादा सेवादारों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक चलाए गए अभियान में नदी के पानी समेत घाटों को साफ किया गया। साफ-सफाई के बाद घाटों का स्वरूप निखर उठा। उधर, दिल्ली स्थित यमुना नदी के छठ घाट में सत्गुरू माता सुदीक्षा महराज व निरंकारी राजपिता रमित ने दूसरे चरण का शुभारंभ किया। मिशन कोआर्डिनेटर ने बताया कि स्वच्छ जल-स्वच्छ मन के तहत देश के 27 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 1533 से अधिक स्थानों पर 11 लाख से भी अधिक स्वयंसेवकों के सहयोग से आयोजन हुआ।

# संत के विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ रही मोदी सरकार


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

संवाददाता, तिंदवारी (बांदा)

● जयंती समारोह पर हुए प्रवचन व सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अमृत विचारः** कस्बे के शंकर नगर में दो दिवसीय संत रविदास जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति ने सभी को भावविभोर कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास जी ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर देश को एकता के सूत्र में पिरोने के प्रयास किये। वे कर्म को ही सबसे बड़ा धर्म मानते थे। मोदी सरकार भी उनके विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ रही है।

संत परम्परा के महान कवि व संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर उनके अनुयायियों ने उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। रात्रि में कलाकारों ने प्रस्तुत सांकृतिक कार्यक्रम ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर यहां उपस्थित भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनन्द स्वरूप द्विवेदी ने कहा कि संत रविदास ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर देश को एकता के सूत्र में पिरोने के उल्लेखनीय प्रयास किये। रविदास जी का मानना था कि कर्म ही सबसे बड़ा धर्म है। हमें निष्काम भाव से कर्म करना चाहिए। संत रविदास जी के सिद्धांतों को आत्मसात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन सुधा साहू तथा चेयरमैन प्रतिनिधि रमेशचंद्र साहू ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि भूरेलाल फौजी समेत कार्यक्रम संयोजक देवी प्रसाद वर्मा, सह संयोजक राजनरायण वर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री सत्येंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिलाष गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि दीपू सोनी, रविकरण गुप्ता, स्वामी गयानंद, शिवबरन वर्मा, कामता वर्मा, कामल्य बौद्ध, वासुदेव वर्मा, छत्रपाल वर्मा, बिंदू वर्मा, मेवालाल वर्मा, उमेश प्रसाद वर्मा, अरविन्द वर्मा, सूरजपाल, रोहित, फूलचंद्र वर्मा, रामखेलावन वर्मा, रामऔतार वर्मा, नन्हा वर्मा, परशादीलाल वर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## फेरी व्यापारी की ट्रेन से गिरकर मौत

**बांदा :** फेरी व्यापारी की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जसपुरा थाना क्षेत्र के गड़रियां गांव निवासी बाबूलाल (50) पुत्र जगदेव फेरी लगाकर बिसात खाने की दुकान लगाता था। शनिवार को वह बांदा पेंशन के काम से आया था। काम निपटाने के बाद वह ट्रेन में बैठकर डिंगवाही गांव जा रहा था, तभी डिंगवाही रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से नीचे जा गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। बाद में घरवालों को जानकारी दी। मृतक के पुत्र शंकर ने बताया कि वह डिंगवाही में हो रही हवन पूजन में शामिल होने जा रहा था, तभी यह हादसा हो गया।

# धूमधाम से मनाई गई संत गाडगे, रविदास जयंती

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** कांशीराम उपवन स्मृति पार्क में रविवार को संत गाडगे बाबा व संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संगीत मंडली ने महापुरुषों के जीवन महत्व से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के बाद भीम भोज का भी आयोजन हुआ।

गाडगे सेवा समिति के द्वारा नरैनी रोड स्थित कांशीराम उपवन स्मृति स्थल पार्क में आज राष्ट्र संत गाडगे बाबा की 148वीं जयन्ती एवं जगतगुरु संत शिरोमणि रविदास जी की 648वीं जयंती का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजाराम गुरुदेव, कार्यक्रम का उद्घाटन प्रबंधक संघ मित्रा बौद्ध बिहार अम्बेडकर पार्क आरपी चौधरी ने किया। मुख्य अतिथि निवर्तमान उपजिलाधिकारी प्रहलाद सिंह ने बताया कि पूर्व में समाज के साथ क्या होता था। उन्होंने मनुवादियों की वर्ण व्यवस्था में सुधार के बारे में भी जानकारी दी। वक्ताओं ने राष्ट्र संत गाडगे बाबा और जगतगुरु शंत शिरोमणि रविदास जी के जीवन महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संगीत मंडली ने महापुरुषों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने को प्रेरित करने वाले गीत प्रस्तुत किए।



कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट जन। अमृत विचार

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डिप्टी कमिश्नर ग्राम विकास उत्तर प्रदेश विजय कुमार चौधरी, प्रवक्ता केसीएनआईटी प्रेम प्रकाश, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज धर्मराज, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज जैतपुर दयाराम वर्मा, प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय मुन्नीलाल वर्मा, संयोजक आल कर्मचारी संघ डीके वर्मा, संयोजक बहुजन सेवा संघ जितेन्द्र कुमार जीतू, महिपाल सिंह, लक्ष्मी प्रसाद, राजेश यादव, राजमणि दोहरे, कवि सुरेश, शिवप्रकाश श्रीवास, शिवराम वर्मा, जेपी वर्मा, सुरेश पटेल, रामऔतार, जयकरन श्रीवास, अल्का श्रीवास, डॉ.शैलेन्द्र रंजन, कुलदीप पटेल, सुधा सिंह राजपूत अध्यक्ष, मनीष श्रीवास, अशोक बुदेला, शिवप्रसाद, मोहनलाल, धनराज, जयनारायण, श्रवण, रमेश, देवनारायण, भारत भूषण, दिलीप, घनश्याम, विनय कुमार, अजय कुमार, अशोक कुमार, शत्रुघ्न सोलंकी, सुखलाल, बौद्ध कुमार, अजय कुमार, मनोज, रमाकांत प्रजापति, शिवप्रकाश, उदयभान नन्ना, सुखलाल बौद्ध, कैलाश आदि उपस्थित रहे।

## पेट में दर्द, उपचार के दौरान हुई मौत

**बांदा :** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हालत बिगड़ी और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के कतरावल गांव निवासी नीलेश (21) पुत्र कमलेश रामलीला मैदान स्थित बक्से अलमारी की दुकान में काम करता था। शनिवार की शाम दुकान से घर आया। खाना खाने के बाद अचानक उसके पेट में दर्द होने लगा। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तब घर वालों को जानकारी हुई। उसे तत्काल रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। रविवार की सुबह उसकी मौत हो गई। मृतक के चाचा महेश ने बताया कि उसका पिता किसानी करता है।

# हाथों में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** डिजिटलाइजेशन के विरोध में आगामी आंदोलन के संदर्भ में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवकाश के दिन कराए गए कार्यों के बदले प्रतिकर अवकाश दिए जाने की मांग उठाई गई। 1 से 5 मार्च तक शिक्षकों से हाथ में काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करने को कहा गया। यदि इससे भी बात न बनी तो 11 को बीएसए कार्यालय में धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि बिना सिम एवं बिना संसाधन के डिजिटलाइजेशन का प्रबल विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त रखा जाए तथा अवकाश के दिनों पर कराए गए कार्यों के बदले प्रतिकर अवकाश के साथ ही अर्ध अवकाश भी दिया जाए। जिला महामंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने सभी शिक्षक-शिक्षकाओं से अपील की है कि पहली से 5 मार्च तक सभी शिक्षक साथी शिक्षण कार्य हाथ में काली पट्टी बांधकर करें। यदि इस पर भी संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए तो 11 मार्च को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एक दिवसीय धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं को उन तक पहुंचाया जाएगा। जिला कोषाध्यक्ष खेत रामपाल ने कहा कि पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ शिक्षक हित में संघर्ष करता रहेगा। बैठक में मंत्री महुआ डॉक्टर शिवदत्त त्रिपाठी, मंत्री कमासिन कमलेश कुमार वर्मा, अध्यक्ष महुआ शीतल प्रसाद, अध्यक्ष नरैनी खालिद खान, मंत्री शत्रुघ्न वीर, अध्यक्ष बिसंडा मनोज कुमार, ब्लॉक मंत्री बड़ोखर राजबहादुर, कोषाध्यक्ष बड़ोखर राकेश कुमार, अध्यक्ष कमासिन संतोष तिवारी, मंत्री कमलेश वर्मा समेत प्रमोद द्विवेदी, इंद्रपाल, विमल, अध्यक्ष तिंदवारी श्याम सिंह यादवश् प्रताप नारायण गुप्त, अशोक कुमार, कुलदीप कुमार त्रिपाठी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


बैठक में शामिल होने आए शिक्षकगण। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


हुतात्मा परिवार सम्मान प्रदान करते आयोजक। अमृत विचार

### समाज को संगठित करने वाली विभूतियों को दी श्रद्धांजलि

**बांदा :** अखिल भारतीय कायस्थ समाज के तत्वावधान में रविवार को समाज को संगठित करने वाली तमाम विभूतियों को श्रद्धांजलि देकर उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। कटरा के मरही माता स्थित भवन में आयोजित हुतात्मा परिवार सम्मान के लिए योगदान देने वाले समाज के एक दर्जन से अधिक चिंतकों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश महामंत्री विपिन जौहरी ने कठिन परिस्थितियों में परिश्रम करके समाज को संगठित करने वाली विभूतियां को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा समाज के लिए इनके द्वारा किया गया योगदान हमारे लिए पितृऋण से कम नहीं है। उन्होंने समाज को संगठित करने पर भी बल दिया। कार्यक्रम में प्रदीप निगम लाला, विजय निगम, अमितेंद्र श्रीवास्तव, विमल निगम, सिद्धार्थ सिन्हा, नीरज निगम, नीलू निगम दादा, निखिल सक्सेना, मनीष सक्सेना, संजय निगम अकेला, विशाल श्रीवास्तव, आचार्य नरेंद्र सक्सेना, सुरेश निगम महोबा, दुर्गा प्रसाद खरे, संतोष निगम, संतोष श्रीवास्तव, विमल कृष्ण श्रीवास्तव, कालीचरण निगम, अरुण निगम, कुलदीप निगम एडवोकेट, प्रवीण निगम एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

### मंजू ब्लाक अध्यक्ष व मोहम्मद रिजवान बने महामंत्री

**बांदा :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संगठन को और मजबूत करने की कवायदों में जुट गया है। इसी क्रम में ब्लाक इकाइयों का गठन शुरू कर दिया गया। निर्वाचन अधिकारी व पर्यवेक्षक की देखरेख में महुआ ब्लाक कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कालू कुआं स्थित नटराज संगीत महाविद्यालय में रविवार को महासंघ अध्ंयक्ष पंकज सिंह, निर्वाचन पर्यवेक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह व निर्वाचन अधिकारी जूही शर्मा की देखरेख में कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिला संगठन मंत्री संतोष मिश्रा ने चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के बाद शिक्षकों से नामांकन पत्र भराए गए। सभी पदों पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल होने से मतदान नहीं कराया गया। निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचन पर्यवेक्षक ने मंजू अवस्थी को अध्यक्ष और मोहम्मद रिजवान को महामंत्री घोषित किया। जबकि रंजना सिंह को संयुक्त मंत्री व शारदा चैधरी और संध्या सिंह को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को जिलाध्यक्ष ने शपथ दिलाते हुए एक माह में कार्यकारिणी विस्तार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अमरपाल सिंह, राजेंद्र द्विवेदी संतोष मिश्रा, विनोद शिवहरे, शिखा खरे, अन्नपूर्णा शुक्ला, सुधींद्र बाबू दीक्षित, मनोज सिंह, धनंजय, बाबूराम वर्मा, ओमप्रकाश सिंह अरुण कुमार, कन्हैयालाल पटेल, अनुराग सिंह, प्रवेंद्र सिंह तोमर, योगेंद्र कुमार दीक्षित, शेख रिजवान, रामकृष्ण अवस्थी, लक्ष्मी देवी, मोहम्मद मुबीन, बिदेश साहू, छोटेलाल आदि उपस्थित रहे।

चोरों के हौसले बुलंद — थाना पुलिस को दे रहे खुली चुनौती, फोरेंसिक व डाग स्क्वायड ने जुटाए सुबूत, जेवर सहित नकदी ले गए चोर

# एक ही रात में चोरों ने चार घरों से लाखों का माल उड़ाया

संवाददाता, चिल्ला (बांदा)

**अमृत विचारः** गुलाबी ठंड का फायदा उठाते हुए चोरों ने थाना पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक ही रात चार घरों को अपना निशाना बनाते हुए नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात पार कर दिया। सूचना पर थानाध्यक्ष ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम व डाग स्क्वायड ने जांच-पड़ताल करते हुए सुबूत जुटाए।

थाना क्षेत्र के गांवों में चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। पुलिस के लिए चोर चुनौती बने हुए हैं। वारदात दर वारदात कर रहे हैं। इससे लोगों में खौफ फैल रहा है। पुलिस अब तक किसी भी चोर को पकड़ नहीं पाई है। ताजी घटना में थाना क्षेत्र के तारा गांव में शनिवार की रात चोरों ने धावा बोल दिया। एक बाद एक ताबड़तोड़ चार घरों को अपना निशाना बना डाला। चोरों ने दिलीप पुत्र स्व.वरदानी घर से पांच सौ रुपये, रत्न पुत्र स्व.जौहरी के यहां पांच हजार रुपये नगद व जेवर और मंजू पत्नी भास्कर के मकान से 20 हजार नकद समेत जेवरात और गायत्री पत्नी छोटेलाल के मकान से पांच हजार रुपये व सहित लाखों रुपये कीमत के जेवरात उठा ले गए। रविवार को सुबह नींद खुलने पर लोगों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मोनी निषाद समेत सीओ सदर अजय सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ितों से पूछताछ करते हुए घटनास्थलों का निरीक्षण किया। कुछ देर बाद डाग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने पड़ताल करते हुए सुबूत जुटाए। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज कर अगली कार्रवाई की जाएगी। उधर, कस्बावासियों और ग्रामीणों का कहना है कि कस्बा समेत ग्रामीण इलाकों में पुलिस गश्त न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की सुस्ती का फायदा उठाकर चोर आए दिन घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।


गृह स्वामिनी से पूछतांछ करती पुलिस। अमृत विचार

### शातिर चोर व जेबकतरा गिरफ्तार

**बांदा :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे अपराध उन्मूलन एवं अपराधियों की धड़पकड़ अभियान के अंतर्गत मटौंध थाना पुलिस ने बसों व ट्रेनों में जेबकतरी व चोरी करने वाले एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद किया। मटौंध थाना पुलिस द्वारा कस्बा में चलाए जा रहे सघन चेकिंग व गश्त के दौरान इचैली चैराहे के निकट भीड़ द्वारा चोर-चोर की आवाज लगाते हुए एक व्यक्ति का पीछा कर रही थी, तभी संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस ने चैराहे से कुछ ही दूरी पर घेरकर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम भेजपुर (मुरादाबाद) थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी मोहम्मद जसीम पुत्र काशिम बताया। पुलिस के मुताबिक वह घूम-घूमकर अलग-अलग स्थानों पर चोरियां और जेबकतरी की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चैकी प्रभारी भूरागढ़ आनंद कुमार व हेड कांस्टेबिल नीरज यादव शामिल रहे।

# खेत में सो रहे किसान की हत्या

## पुलिस जांच में जुटी, जल्द गिरफ्तारी का दिया आश्वासन, घटना का कारण पता नहीं

कार्यालय संवाददाता महोबा


खेत में किसान से पूछताछ करती पुलिस टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना महोबकंठ थाना के ग्राम सौरा में शनिवार की रात खेत पर सो रहे किसान की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। हत्या किन वजहों से हुई और हत्यारे कौन हैं इसका पता नहीं चल सका है। सुबह जब आसपास खेतों में काम करने पहुंचे किसानों ने ग्रामीण का शव खून से लथपथ पड़ा देख तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने पुलिस के साथ- साथ परिजनों को घटना की सूचना दी। अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस बल के घटना स्थल पर पहुंचे। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पत्नी व अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने जल्द ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

ग्राम सौरा निवासी हाकिम सिंह (40) पुत्र मेहरबान सिंह छह बीघा भूमि बलकट पर लेकर खेती करते थे। प्रतिदिन की तरह शनिवार की रात वह बेल घाट के समीप खेत पर सोने के लिए गए थे, लेकिन अज्ञात लोगों ने सोते समय धारदार हथियार से प्रहार कर उसे मौत की नींद सुला दिया। सुबह जब पास के खेत पर काम करने आया किसान अच्छेलाल अहिरवार ने हाकिम सिंह को देर तक सोता देखा तो वह उसके पास गया और खून से लथपथ शव को देख उसके होश उड़ गए। शव देखकर वह चिल्लाने लगा। आवाज सुन आसपास के खेतों पर काम कर रहे किसान भी वहां पहुंच गए। शव की जानकारी परिजनों और पुलिस को दी।

- महोबकंठ थाना के ग्राम सौरा गांव में घटना को दिया अंजाम

हत्या की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक, महोबकंठ थाना प्रभारी, सौरा चौकी प्रभारी सहित तमाम पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि चारपाई पर सो रहे किसान के सिर पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे उसकी मौत हो गई है। किसान की मौत से उसके परिवार का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है। मृतक की पत्नी द्वारा पुलिस को घटना की तहरीर दी गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों व अन्य संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर घटना का खुलासा करने में जुट गई है। पुलिस ने पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द हत्योपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

## कार की टक्कर बाइक सवार हुआ घायल

**महोबा।** झांसी मिर्जापुर नेशनल हाईवे पर थाना महोबकंठ के पास एक बाइक सवार को कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों की मदद से उसे महोबकंठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल की हालत में सुधार न होता देख डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर किया गया।

थाना महोबकंठ के ग्राम टिकरिया निवासी आनंद अरजरिया (46) पुत्र गोविंददास अपने परिवार के हरपालपुर मध्यप्रदेश में रह रहा था। किसी कार्य से ग्राम टिकरिया बाइक द्वारा किसी कार्य से जा रहा था। तभी हाईवे पर महोबकंठ के पास एक तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस की मदद से उसे पास के अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया है।

# पाइप लाइन फटने से जलापूर्ति बाधित

कार्यालय संवाददाता महोबा


जलापूर्ति न होने से हैंडपंप से पानी भरते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उर्मिल बांध से पाइप लाइन द्वारा की जाने वाली सप्लाई रविवार को बाधित रही। मुख्य लाइन की पाइप फट जाने से शहरवासियों के घर तक पानी नहीं पहुंच सका। इससे लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। पेयजल आपूर्ति न होने से सबसे ज्यादा दिक्कत मुस्लिम बहुल क्षेत्र में हुई, क्योंकि शब-ए-बारात का त्योहार होने के कारण लोगों को गुस्ल करने, फातिहा के लिए बनने वाले भोजन में पानी की अति आवश्यकता होती है।

शहर में पेयजल मुहैया कराने की जिम्मेदारी जल निगम की है, लेकिन उर्मिल बांध से महोबा शहर तक बिछाई गई करोड़ों रुपये की पाइप लाइन आए दिन प्रेशर या अन्य किसी कारण से फटती रहती है, जिससे नगर वासियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। शनिवार की रात्रि कानपुर- सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने रेलवे पुल के पास मैन पाइप लाइन फट गई, जिससे रविवार को लोगों के घरों में लगे नलों तक पानी नहीं पहुंच सका। शहरवासी पेयजल आपूर्ति से वंचित हो गए। पाइप लाइन फटने से जहां हजारो लीटर पानी बर्बाद हुआ, वहीं लोगों को पानी के लिए काफी मशक्कत उठानी पड़ी।

पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाने से लोगों को सुबह से ही पानी के लिए मोहल्लों में लगे हैंडपंपों में जाना पड़ा। इससे हैंडपंपों पर भीड़ एकत्र हो गई। त्योहार के चलते मुस्लिम क्षेत्रों के हैंडपंपों और कुओं में पुरुषों के अलावा महिलाएं भी पानी भरने के लिए अपनी बारी का इंतजार करती नजर आईं।

वहीं पेयजल आपूर्ति न होने से फातिहा के लिए बनने वाला हलवा सहित अन्य भोजन बनाने में महिलाओं का पूरा दिन निकल गया। त्योहार में पाक साफ होने के लिए गुस्ल करने के लिए भी लोगों को बाल्टी, डिब्बे आदि सामान लेकर अपने बच्चों के साथ हैंडपंपों पर पहुंचना पड़ा। जलापूर्ति न होने से लोगों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ा।

# स्टेशन पर घटिया निर्माण से विवाद

संवाददाता बेलाताल महोबा


निर्माण कार्य में लगाई जा रही बालू और डस्ट लगा ढेर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन बेलाताल परिसर में निर्माणाधीन स्टेशन,आवासों में घटिया सामग्री प्रयुक्त करने पर अभियंता व ठेकेदार के लोगों के बीच जमकर विवाद हुआ। मारपीट की नौबत आ गई, जिससे मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। मौजूद लोगों ने बीच- बचाव कर मामला निपटाया और घटना की सूचना डीआरएम को दी गई है।

स्टेशन अधीक्षक व अधीनस्थों के लिए बेलाताल रेल स्टेशन पर स्टेशन,आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। लगभग एक करोड़ रुपये खर्च कर बनाए जा रहे टाइप-बी, और टाइप-सी के आवासों में ईंट तीन नंबर की प्रयुक्त की जा रही है। बालू की जगह स्टोन डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। सीमेंट भी मानक के अनुरूप नहीं डाला जा रहा है। इससे निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं। लोगों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से कर जांच कराए जाने की मांग उठाई है।

इस कार्य में तैनात उप मुख्य इंजीनियर निर्माण ने दोबारा स्टोन डस्ट मंगाने पर आपत्ति की गई, तो ठेकेदार के गुर्गे भड़क गए। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य में तीन नंबर ईंटा लगाया जा रहा है। कस्बा के रामभरोसी रैकवार, दिलीप शुक्ला, देवेन्द्र श्रीबास, हसमत, पवन राजपूत ने बेलाताल रेल स्टेशन पर जारी निर्माण कार्य की जांच कराए जाने के लिए रेवले के उच्चाधिकारियों से शिकायत की।

## सड़क दुर्घटनाओं में दो बाइक सवार घायल

**महोबा।** अलग-अलग स्थान पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है दोनों बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाये थे।

ग्राम वर्धा खुर्द निवासी विकास राजपूत 30 पुत्र हरचरण बाइक से महोबा की तरफ आ रहा था तभी रास्ते में भाई का संतुलित होकर सड़क पर गिर गई। इससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया ।दूसरी घटना महोबा लवकुश नगर रोड की है रावतपुरा निवासी हीरा सिंह 40 पुत्र लाल जी बाइक से लव कुश नगर की तरफ जा रहा था तभी एक टेंपो चालक ने टक्कर मार दी जिससे हीरा सिंह सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

# अवैध रूप से एलपीजी से दौड़ा रहे वाहन

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सार्वजनिक स्थान पर वाहन में सिलिंडर से एलपीजी गैस भरते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में कार व अन्य चार पहिया वाहनों को पेट्रोल और सीएनजी गैस से न चलाकर घरेलू गैस (एलपीजी) का उपयोग कर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है। इससे जहां एक तरफ आम जनमानस को घरेलू गैस की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं देसी जुगाड़ से लगाई गई गैस किट वाले वाहन दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं। इसका खामियाजा वाहन में बैठे लोगों को भी भुगतना पड़ता है।

पेट्रोल से चलने वाले वाहन की तुलना में एक घरेलू सिलिंडर का उपयोग करना काफी सस्ता है। इसके चलते अधिक कमाने के चक्कर में लोग चार पहिया पेट्रोल वाहनों में धड़ल्ले से घरेलू गैस का उपयोग कर रहे हैं। इसके लिए कई लोगों ने मशीन खरीद रखी है। शहर में इस मशीन के जरिए ही कार व अन्य वाहनों में लगे सिलिंडर में एलपीजी गैस रिफलिंग कर सड़कों पर धड़ल्ले से वाहन दौड़ा रहे हैं। बावजूद इसके संबंधित अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर गैस रिफलिंग का कार्य किया जा रहा है। यहां गैस सिलिंडरों को मशीन के जरिए रिफलिंग किया जाता है। यह काला धंधा लंबे समय से चल रहा है।

- देशी गैस किट लगाने से वाहन हो जाते हैं दुर्घटनाओं का शिकार

वाहन स्वामियों का कहना है कि पेट्रोल और सीएनजी की तुलना में घरेलू गैस का उपयोग करने पर वाहन डेढ़ गुना से भी अधिक एवरेज देते हैं। कार, ओमनी एक गैस सिलेंडर से साढ़े तीन सौ से चार सौ किमी तक चलती हैं। इससे उन्हें अच्छा खासा मुनाफा हो जाता है। वाहन स्वामियों व चालकों द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर का का सीधे तौर पर प्रयोग किया जा रहा है या फिर देशी पंप से वाहनों के ईंधन टैंक में एलपीजी को भरा जाता है, जो खतरे से खाली नहीं है। अनाधिकृत धंधे में घरेलू सब्सिडी की गैस से सरकार को भी नुकसान हो रहा है।

# पांच दिन बाद पहाड़ के गड्ढे के पानी में मिला शव

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** महोबा खरेला थाना क्षेत्र के गाम बसौठ निवासी एक 18 वर्षीय गुमशुदा युवती का शव पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद 5वें दिन बरामद एक पाणीके गड्ढे से बरामद कर लिया है। घटना से 5 दिन बाद भी शव खराब न होने व पानी के ऊपर न उतराने से तमाम सवालिया निशान खड़े हो गए हैं ।

मालूम हो कि 20 फरवरी को सुबह करीब 6 बजे ग्राम बसौठ निवासी बालिका रोशनी अपनी मां के साथ शौच के लिए गयी थी इसी दौरान बालिका गायब हो गयी थी। गुमशुदा युवती की मां द्वारा घटना की सूचना पति व परिवार को दिए जाने के बाद जब युवती की तलाश शुरू हुई तो पहाड़ के खनन से सटे गडढे के पास ही बालिका की चप्प्ल व दुपटटा पुलिस ने बरामद करते हुए युवती के पानी मे डूबने का शक होने पर पानी को खाली कराना शुरू कर दिया और पुलिस को पांचवे दिन युवतीके शव को तलाशने मे कामयाबी तो मिल गयी लेकिन पांच दिन तक पानी में डूबने के बाद शव के पानी के ऊपर न आने से तरह तरह की चर्चाएं शुरू हो गयी हैं और पुलिस के लिए भी एक चुनौती बन गया है। फोरेंसिंक विशेषज्ञों के मुताबिक कोई भी शव गर्म व उथले पानी में 18 से 24 घंटे में और गहरे व ठण्डे पानी में 30 से 40 घंटे में ऊपर आ जाता है लेकिन बालिका की गुमशुदगी को करीब 140 घंटे होने के बाद भी शव पानी के अन्दर सही सलामत और बिना सड़ी लाश के निकलने से पुलिस के लिए भले ही लाश बरामदगी कामयाबी लग रही हो लेकिन जहां तक 140 घंटे में शव के ऊपर न आने से मामला पेचीदा लग रहा है ।खरेला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

- 18 वर्षीय युवती की परिजन कर रहे थे तलाश

# जलौली गांव में बनाएं पीएचसी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री ने उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की और स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी में चिकित्सकों के रिक्त पदों की वजह से होने वाली समस्या से अवगत कराया और ग्राम जरौली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग की। उप मुख्यमंत्री ने उन्हें सीएचसी में जल्द ही रिक्त पदों को भरने का आश्वासन दिया।

भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री महेंद्र गुरुदेव ने उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को बताया कि सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र चरखारी में चिकित्सकों के कई पद काफी समय से रिक्त पड़े हुए हैं। इससे कस्बा वासियों को स्वास्थ्य सेवाओं का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा। डाक्टरों के अभाव के चलते गंभीर मरीज आने पर उन्हें जिला अस्पताल के अलावा अन्य महानगरों के अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है। सीएचसी चरखारी में खाली पड़े पदों पर चिकित्सों की नियुक्ति जल्द होनी चाहिए।


उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते भाजपा पूर्व जिला महामंत्री। अमृत विचार

जरौली, तिसौनी, सबुआ, बल्लाएं, चंदौली सहित तमाम ऐसे ग्राम हैं, जिनके ग्रामीणों को बीस किमी की दूरी तय कर सीएचसी उपचार कराने के लिए जाना पड़ता है। इससे कभी -कभी मरीजों की हालत चिंताजनक हो जाती है और मरीज के साथ साथ तीमारदारों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ज्ञापन में बताया कि ग्राम जरौली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराए जाने पर आसपास के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए लंबी दूरी तय नहीं पड़ेगी।

## बर्थडे में गया छात्र लापता पुलिस और परिजन तलाश में जुटे

**महोबा।** शहर के गांधीनगर निवासी एक 17 वर्षीय इंटरमीडिएट का छात्र अपने दोस्त के बर्थडे के लिए शनिवार कि शाम को घर से निकला और लापता हो गया। देर रात तक घर वापस न लौटने पर छात्र की परेशान मां ने चारों तरफ फोन कर उसकी जानकारी ली, लेकिन कोई सुराग न लगने पर बेटे के गुमशुदा होने की सूचना पुलिस को दी।

शहर के डाक बंगला मैदान के पीछे गांधीनगर निवासी नलिनी राणा का बेटा सानिध्य सिंह राणा कक्षा 12 का छात्र वह शनिवार की शाम को मन से मित्र के बर्थडे में जाने की बात कह कर निकाला था लेकिन देर रात तक वापस न आने पर उसकी मां ने मित्र की यहां भी फोन किया वहां न पहुंचने पर वह परेशान हो गई इसके बाद रिश्तेदारों व अन्य स्थानों पर जानकारी की छात्र का कोई सुराग न लगने पर नलिनी ने बेटे के गुमशुदा होने की सूचना कोतवाली महोबा में दे दी है।

## सार-संक्षेप


कथा सुनाते कथावाचक। अमृत विचार

### जब पाप बढ़ता है तो भगवान करते हैं रक्षा : शास्त्री

**महोबा।** ध्रुव और प्रहलाद को वाल्यावस्था से ही ईश्वर के चरणों में अनुराग था। भगवान के चरणों में विश्वास रखने से ईश्वर अपने भक्त का हर क्षण ध्यान रखते हैं। नरसिंह भगवान ने अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए अवतार लेकर हिरणकश्यप का वध किया था। जब कंस का अत्याचार पृथ्वी पर बढ़ गया तब विष्णु भगवान कृष्ण के रूप में देवकी के गर्भ से जन्में और कंस का वध कर। पिता वासुदेव और मां देवकी को कंस के कारागार से मुक्त कराया। जब भी धरा पर पाप बढ़ता है प्रभु अवतार लेते हैं। ये बातें बिलबई चुंगी तिराहे पर चिरंजीलाल चौरसिया के आवास पर आयोजित भागवत कथा में कथावाचक पंडित देवीशंकर शास्त्री ने कहीं। उन्होंने कहा कि जब रावण का अत्याचार बढ़ा तब प्रभु श्रीराम के रूप में अयोध्या में अवतार लेकर प्रभु ने रावण और समस्त राक्षसों का वध किया। ए साधु संतों की रक्षा की। जब भी पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है तब- तब भगवान किसी न किसी रूप में अवतरित होकर धर्म की रक्षा करते हैं। भागवत कथा के मौके पर तबला में संगीताचार्य पं. जगप्रसाद तिवारी ने संगत की। इस मौके पर दीपक चौरसिया, ओमशंकर तिवारी, शम्भू, अचल सिंह, सुघर सिंह सहित तमाम संख्या में लोग मौजूद रहे।

उमड़ी भीड़ — महिलाओं ने घरों में तो बड़ों और बच्चों ने मस्जिदों में की इबादत और तिलावत

# शब-ए-बारात पर की इबादत, मांगी गुनाहों की माफी

संवाददाता कार्यालय, महोबा


मजारों और कब्रगाहों पर जाते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में शब-ए-बरात का त्योहार अकीदत के साथ मनाया गया। घर- घर में हलवा बनाकर फतिहा दिलाई गई। इसके बाद लोगों ने एक दूसरों के घरों में जाकर हलवा खाया। शाम से मजारों और कब्रगाहों पर आने जाने का सिलसिला शुरू हुआ जो रात भर चलता रहा। लोगों ने कब्रगाहों पर अगरबत्ती जलाकर फातिहा पढ़ी और मरहूमों की मगफिरत के लिए दुआएं मांगी। मस्जिदों में लोगों ने इबादत और तिलावत के साथ पूरी रात जागकर गुजारी और सहरी के बाद रोजा रखा। नवयुवक और बच्चे भी शाम से ही मजारों की तरफ नारा- ए-तकबीर अल्लाहो अकबर की सदाएं बुलंद करते हुए निकले।

शब-ए-बरात त्योहार पर महिलाओं ने भी घरों पर जागकर शबेकद्र बनाई। किसी- किसी के घर में मीलाद शरीफ हुई, तो कहीं पर महिलाएं पूरी रात इबादत और तिलावत में मशगूल रहीं। पूरी रात शहर में खासी चलह पहल रही। मजार और कब्रगाह भी रात भर मोमबत्ती की रोशनी और अगरबत्ती की खुशबू से गुलजार रही। मजारों पर मोमबत्ती की जलती रहीं। कई कब्रगाहों पर बिजली की रोशनी के साथ साथ मोमबत्तियां भी जलाई गईं।

लोग पूरी रात मजारों और कब्रगाहों पर फातिहा पढ़ते रहे। शाम से ही मजारों पर आने जाने वालों की भीड़ जमा हो गई। मोमबत्ती, अगरबत्ती, माचिस, लोभान दुकानदारों की देर रात तक बिक्री होती रही।

शब-ए-बरात त्योहार के मौके पर रात में तीन बजे सहरी करके तमाम लोगों ने रोजा भी रखा। काजी ए शहर सैयद आफाक हुसैन ने मस्जिद में खिताब करते हुए कहा कि शबे बरात यानी गुनाहों से मगफिरत की रात है। इस रात को इंसान का पूरा हिसाब किताब किया जाता है। अल्लाह ताला से गुनाहों की बख्शिस की दुआएं मांगी।

### मजारों पर रहा चाय-पानी का इंतजाम

शब-ए-बारात यानी गुनाहो से तौबा करने की रात में तमाम लोगों ने जागने वालों के लिए चाय, पानी और खानपान का भी इंतजाम किया। मजारों और कब्रगाहों में फातिहा पढ़ने के लिए आने जाने वालों के लिए रात भर कहीं, चाय तैयार होती रही तो कहीं अंडे उबलते रहे। कई पर भजिया, ब्रेड पकौड़ों की भी व्यवस्थ की गई थी। सर्दी का मौसम होने के कारण इस साल शर्बत से लोगों ने किनारा कर लिया। इतना ही नहीं मजार परिसर पर बिजली की भी व्यवस्था की गई, जिससे लोगों को असुविधा न हो सके।

### शब-ए-बारात पर पटाखों छुड़ाने का चलन खत्म

बदले जमाने के साथ अब बहुत कुछ बदल गया है। शब-ए-बारात की रात को लोग पहले पटाखे छुड़ते थे। घरों में पटाखे छुड़ाने के अलावा मेहताब, फुलझरी भी जलाते थे। इतना ही नहीं रात में मजारों पर जाते समय लोग लोग अंधेरा होने पर पटाखे छुड़ाते थे। इसके बाद पटाखों का चलन इतना बढ़ा कि पिछले तीन दशक तक शब-ए-बारात पर्व पर दिन से लेकर पूरी रात पटाखों की गूंज सुनाई देने लगी, लेकिन मौलानाओं और उलमाओं की तकरीर के बाद पटाखों का चलन खत्म सा हो गया है। अब शब-ए-बारात पर पटाखों की दुकानों भी नहीं लगती हैं।

# भक्तों ने कीरत सागर में की साफ-सफाई

महोबा कार्यालय

**अमृत विचार।** रविवार को 'प्रोजेक्ट अमृत' के अन्तर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के तहत शहर के कीरत सागर में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान मिशन के सैकड़ो सेवादारों एवं श्रद्धालुओं द्वारा कीरत सागर सरोवर की सफाई की गई। सफाई अभियान के दौरान निरंकारी सेवादारों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

संत निरंकारी मिशन महोबा के प्रमुख विनोद राजपूत एवं संचालक हेमराज के मार्ग दर्शन में रविवार को कीरत सागर में सफाई अभियान की शुरुआत कराई गई। अभियान के तहत लगभग 200 भाई बहनों ने इस पुनीत कार्य में प्रतिभाग किया। यह पावन कार्य सुबह 8 बजे से दोपहार 12 बजे तक चला। जहां पर सेवादरों ने कीरत सागर की जलकुंभी और चारा हटाकर पानी को स्वच्छ किया।

- 200 से अधिक निरंकारी भाई-बहनों ने इस पुनीत कार्य में किया प्रतिभा

इसी क्रम में सत्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की पावन छत्रछाया में सुबह आठ बजे से 'अमृत प्रोजेक्ट' के अन्तर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' परियोजना के दूसरे चरण का शुभारम्भ यमुना नदी के छठ घाट, आईटीओ दिल्ली से किया गया। बाबा हरदेव सिंह जी महाराज जी की शिक्षाओं से प्रेरित यह परियोजना समस्त भारतवर्ष के 27 राज्यों में चलाया जा रहा है। अधिक से अधिक स्वयंसेवकों के सहयोग से एक विशाल रूप में आयोजित किया गया। सद्गुरु माता जी ने प्रोजेक्ट अमृत के अवसर पर अपने आशीर्वाद में फरमाया कि हमारे जीवन में जल का बहुत महत्व है और यह अमृत समान है। जल हमारे जीवन का मूल आधार है।

## जल जीवन का आधार संचयन जरूर करें

**महोबा।** सार्वजनिक शिक्षोन्नयन संस्थान के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के तहत ब्लाक सभागार कबरई में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दौरान खंड विकास अधिकारी ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्थान के लोगों ने लोगों को गीत संगीत और नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक नरेश कुमार ने कहा जल हमारे जीवन की आधारशिला है और जल हमारे शरीर का संरचना बनाने के साथ साथ ऊर्जा प्रदान करती है। जल वनस्पतियों के लिए भी आवश्यक है जो हमारे वातावरण को स्वस्थ रखती हैं। जल उपलब्धता की समस्या आज की दुनिया में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। बढ़ती आबादी, विनियमित जल उपयोग और विपणन के बढ़ते प्रभाव से, हमारे पास उचित मात्रा में स्वच्छ और पीने के लिए उपयुक्त जल का अभाव हो रहा है।

# भाजपा के विजय रथ को रोकने में जुटी सपा-कांग्रेस

## इंडिया गठबंधन ने समाजवादी पार्टी के अजेंद्र सिंह राजपूत को मैदान में उतारा है, भाजपा और बसपा के उम्मीदवार तय होने हैं

**हमीरपुर-महोबा लोस सीट**

राजेश सिंह/ नईमुर्रहमान, हमीरपुर


पुष्पेंद्र सिंह चंदेल।


अजेंद्र सिंह राजपूत।

- लगातार दो चुनावों से इस सीट पर जीत रही है भाजपा
- खोई हुई सीट पाने के लिए सपा ने अजेंद्र को मैदान में उतारा है

**अमृत विचार।** हमीरपुर- महोबा संसदीय सीट पर इस बार के चुनाव में मुकाबला कांटे का होने की उम्मीद है। इंडिया गठबधन ने अपने उम्मीदवार के नाम का एलान कर दिया है। यहां से सपा के अजेंद्र सिंह राजपूत इंडिया गठबंधन को जीत दिलाने के लिए रात दिन एक किए हुए हैं। बसपा ने अपने पत्ते अभी नहीं खोले हैं तो भाजपाई यह मान कर चल रहे हैं कि लगातार दो बार से जीत रहे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल पुनः मैदान में उतरेंगे। भाजपा जहां जीत की हैट्रिक लगाने के लिए कोशिश में जुटी है तो सपा अपनी खोई हुई सीट को गठबंधन के सहारे वापस पाने की जुगत में है।

हमीरपुर- महोबा संसदीय क्षेत्र में हमीरपुर, राठ, महोबा, चरखारी और तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इस संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा 2014 और 2019 में इस लोकसभा सीट पर बड़े अंतर से जीती थी। जबकि 2019 के चुनाव में सपा और बसपा का गठबंधन था। बावजूद इसके भाजपा के पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने बसपा के दिलीप कुमार सिंह को हरा दिया था। तब कांग्रेस उम्मीदवार प्रीतम सिंह लोधी तीसरे स्थान पर थे। इस बार बसपा इंडिया गठबंधन से बाहर है और कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी का गठजोड़ है। सपा ने इस सीट पर 2004 में जीत दर्ज की थी, इससे पहले उसके उम्मीदवार कभी नहीं जीते। 1999 व 2009 में बसपा का यहां परचम लहराया था। अब भाजपा यहां काबिज है तो उसकी कोशिश है कि तीसरी बार भी उसे यहां जीत की हैट्रिक लगाने का मौका मतदाता दें। जल्द ही बुंदेलखंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली कराने की तैयारी है। हालांकि अभी तिथि निर्धारित नहीं हुई है। भाजपा दो बार से जीत रहे पुष्पेंद्र सिंह चंदेल को टिकट देगी या किसी और को अभी इसके कोई संकेत पार्टी की ओर से नहीं मिले हैं। फिलहाल खुद का टिकट पक्का मानकर पुष्पेंद्र मैदान में डंटे हुए हैं और मतदाताओं को राज्य, केंद्र सरकार और खुद की उपलब्धियां बताने में जुटे हुए हैं। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अजेंद्र सिंह राजपूत अन्ना जानवर, पीने के पानी के संकट और बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बनाकर मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं। जल्द ही सपा और कांग्रेस व अन्य सहयोगी दलों के पदाधिकारियों की समन्वय बैठक भी होगी। इसमें प्रचार की रणनीति तय होगी और राहुल गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की संयुक्त रैली कराने पर विचार किया जा रहा है।

**कब किसके खाते में रही सीट**

| चुनाव वर्ष | पार्टी | जीते |
|---|---|---|
| 1991 | भाजपा | विश्वनाथ शर्मा |
| 1996 | भाजपा | गंगा चरण राजपूत |
| 1998 | भाजपा | गंगा चरण राजपूत |
| 1999 | बसपा | अशोक सिंह चंदेल |
| 2004 | सपा | राजनारायण बुधौलिया |
| 2009 | बसपा | विजय बहादुर सिंह |
| 2014 | भाजपा | पुष्पेंद्र सिंह चंदेल |
| 2019 | भाजपा | पुष्पेंद्र सिंह चंदेल |

**2019 का परिणाम**

| पार्टी | उम्मीदवार | मिले वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | पुष्पेंद्र सिंह चंदेल | 5,75,122 |
| सपा-बसपा | दिलीप कुमार सिंह | 3,26,470 |
| कांग्रेस | प्रीतम सिंह लोधी | 1,14,534 |
| निर्दल | संजय कुमार साहू | 24, 801 |

### लोधी मतों के ध्रुवीकरण की ताक में सपा

अजेंद्र सिंह राजपूत के पिता चंद्र नारायण सिंह राजपूत विधायक रह चुके हैं। उनकी क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। समाजवादी पार्टी ने लोधी मतों के ध्रुवीकरण को ध्यान में रखकर ही अजेंद्र को लोकसभा का टिकट दिया है। राठ, चरखारी विधानसभा लोधी बहुल होने के कारण उन्हें इसका लाभ मिल सकता है। जबकि महोबा विधानसभा में भी लोधियो की संख्या ठीक-ठाक है। बांदा जिले की तिंदवारी विधानसभा सीट भी इसी संसदीय क्षेत्र में आती है। लोधियों की बहुलता को देखते देखते हुए पार्टी हाई कमान ने पहली दफा लोधी प्रत्याशी पर दांव लगाया है।

## सार-संक्षेप


पत्रक वितरित करतीं नपा चेयरमैन व भाजपा नेत्रियां। अमृत विचार

### महिलाओं के सम्मान की रक्षा कर रही मोदी-योगी सरकारः ममता

**बांदा :** नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भाजपाई महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण किया और महिलाओं से पुष्टाहार वितरण की जानकारी ली। साथ ही डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकरी दी गई। बताया गया कि मोदी-योगी सरकार की अगुवाई में लगातार महिलाओं के सम्मान, स्वावलंबन और सुरक्षा के लिए काम किया जा रहा है। शहर के छाबी तालाब लोधाकुआं में भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व भाजपा जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा की अगुवाई में नारी शक्ति वंदन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महिलाओं ने आंगनबाड़ी केंद्र का भ्रमण किया और वहां की लाभार्थी महिलाओं व बच्चों की समस्याएं जानी। साथ ही महिलाओं व बच्चों को वितरित होने वाले पुष्टाहार के संबंध में जानकारी हासिल की। जिला उपाध्यक्ष ममता मिश्रा ने महिलाओं को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। बताया कि नारी शक्ति वंदन अभियान के माध्यम से महिलाओं को मिलने वाले सरकारी लाभ के संबंध में जानकारी हासिल की जा रही है, ताकि कोई भी महिला सरकार की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रह जाए। नगर पालिका चेयरमैन मालती बासू ने महिलाओं के बीच विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की और योजनाओं की जानकारियों से संबंधित पत्रक वितरित किए। इस मौके पर महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा, रूपा चौहान, रानीबाई साहू, सभासद कृष्णकुमार प्रजापति, अजय मिश्रा, राजकिशोर गुप्ता आदि मौजूद रहे।


जिला एकीकरण समिति की बैठक लेती जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत।

### अराजकतत्त्वों के बहकावे में न आएंः जयंती

**हमीरपुर।** जिला एकीकरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाये रखने का संकल्प लिया गया। जिले की महान विभूतियों स्वामी पं.परमानन्द महराज, दीवान शत्रुघ्न सिंह, स्वामी ब्रह्मानन्द महाराज को याद किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने कहा कि ऐसे अराजक तत्वों के बहकावे में न आएं जो देश की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचाने वाले हैं। हमें देश की एकता व अखंडता और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने का कार्य करना है। लखन लाल जोशी, जलीस खान, गुरुदेव सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक, सीओ सदर राजेश कमल, पीडी साधना दीक्षित, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी एनके कुशवाहा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, समाजसेवी, कवि, साहित्यकार उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ.जीके द्विवेदी ने किया।


सभा में मौजूद जैन समाज की महिलाएं।

### आचार्य विद्यासागर महाराज को याद किया

**महोबा।** आचार्य विद्या सागर महाराज का 18 फरवरी को समतापूर्वक समाधि लेने पर शहर के सब्जी मंडी स्थित जैन मंदिर में विनयांजली सभा रविवार को आयोजित की गई। जैन समाज के लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धसुमन अर्पित किया और उनके कार्यों को याद किया। इस मौके पर जैन समुदाय के लोगों की मंदिर में भारी भीड़ जुटी। इस मौके पर पं. दिलीप जैन ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज दिगम्बर समाज के सबसे बड़े आचार्य थे। उन्होंने 300 से ज्यादा लोगों को मुनि पद की दीक्षा दी और जनकल्याण के लिए अस्पताल तथा गुरुकुल की स्थापना कराई। गायों के संरक्षण के लिए गौशालाओं का निर्माण कराया। गौशालाओं में अन्नापशुओं के खानपान की भी व्यवस्था कराई। इससे सड़कों पर दुर्घटनाओं में मारी जाने वाली गायों की संख्या में भारी कमी आई है। उन्होंने बताया कि आचार्य के शिष्यों में जैन समाज के अतिरिक्त अन्य समाज के लोग भी हैं। आचार्य विद्यासागर महाराज को हिंदी और संस्कृत सहित मराठी और कन्नड़ आदि भाषाओं का भी ज्ञान था, इसके साथ ही उन्होंने हिंदी और संस्कृत में कई पुस्तकें भी लिखीं। जिसमें से मूक माटी महाकाव्य काफी लोकप्रिय हुआ। वहीं, उनकी सिंह नाम की कविता को कई शैक्षणिक संस्थानों ने अपने पाठ्यक्रम में भी शामिल किया है। आज की विनयांजली सभा में समाज के अनिल कुमार जैन, अशोक जैन, राजेश जैन, मनीष, दिलीप कुमार जैन, संध्या, रंजना, मौना सहित तमाम जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

### तीन लोगों ने जहरीला पदार्थ खाया

**बांदा :** शहर कोतवाली क्षेत्र के खूंटी चौराहा निवासी राधा (30) पुत्री बिनोद ने रविवार की दोपहर जहरीला पदार्थ लिया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को जानकारी दी। मटौंध थाना क्षेत्र के करहा गांव निवासी महेंद्र (24) ने शनिवार शाम घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। देहात कोतवाली पचनेही गांव निवासी चद्रकांता (25) ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया।


प्रमाणपत्र के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।

### टूका विजेता व इटौरा उपविजेता

**राठ (हमीरपुर)।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से राठ विकासखंड में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम टूका में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान खड़ाखर प्रमोद कुमार एवं ग्राम प्रधान इटोरा राजेंद्र सिंह की उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल, दौड़ आदि का आयोजन किया गया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अखिलेश कुमार, द्वितीय स्थान अमृत सिंह एवं तृतीय स्थान रूपेंद्र ने प्राप्त किया। कबड्डी में विजेता टीम टूंका एवं उपविजेता इटौरा की टीम रही। वॉलीबॉल में विजेता राठ की टीम व उपविजेता नौरंगा की टीम रही।

## 19 को व्यापार मंडल का चुनाव

सुमेरपुर(हमीरपुर)


नगर उद्योग व्यापार मंडल चुनाव को लेकर बैठक करते समिति के पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** रविवार को नगर उद्योग व्यापार मंडल चुनाव समिति की बैठक नरेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न की गयी। चुनाव समिति ने घंटो विचार विमर्श के बाद चुनाव कार्यक्रम तैयार करके 19 मार्च को मतदान संपन्न कराने की स्वीकृत प्रदान की है।

व्यापार मंडल के संरक्षक एनके यादव ने बताया कि नौ सदस्यीय चुनाव संचालन समिति ने बैठक में निर्णय किया है कि 27 फरवरी से 5 मार्च तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। 7 मार्च को मतदाता सूची का प्रकाशन एवं आपत्तियां ली जाएंगी। 9 मार्च को आपत्तियों का निस्तारण करके मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 9 मार्च को ही 12 बजे से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू होगी। 10 एवं 11 मार्च को नामांकन होगा। 12 एवं 13 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच, नाम वापसी के बाद चुनाव चिन्ह का आवंटन करके 19 मार्च को सुबह 8 बजे से 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद 3.30 बजे से मतगणना शुरू कराकर परिणाम घोषित किया जाएगा। बैठक में नरेश मिश्रा, मिथिलेश द्विवेदी, मुनीर खान, नंदकिशोर यादव, संतोष चक्रवर्ती, अनिल परनामी, रामजी मिश्रा, प्रेम विलास गुप्ता रहे।

## सीडीओ ने 60 पंचायत सहायकों का मानदेय रोका

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** डिजिटल क्रॉप सर्वे के तहत ई-खसरा पड़ताल में लापरवाही बरतने पर सीडीओ ने 60 पंचायत सहायकों का एक माह का वेतन रोक दिया। सीडीओ ने पंचायत सहायकों को सर्वे कार्य जल्द शुरू न करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। प्रशासन की इस कार्रवाई से पंचायत सहायकों में हड़कंप मच गया।

सीडीओ वेद प्रकाश मौर्या ने पंचायत सहायकों को नोटिस भेजी है। उन्होंने कहा है कि रबी 2023-24 में डिजिटल क्राप सर्वे के तहत ई-खसरा पड़ताल कराई जा रही है। इसके लिए पंचायत सहायकों को सर्वेयर के रूप में नामित किया गया है। सर्वे कार्य करने के लिए पंचायत सहायकों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि 19 फरवरी को उन्हें एग्रीस्टैक मोबाइल एप का नया वर्जन 1.24.2 उपलब्ध कराते हुए सर्वे कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। चार दिन व्यतीत होने के बाद भी नए वर्जन को डाउनलोड नहीं किया गया। इससे सर्वे कार्य भी शुरू नहीं हो सका। पंचायत सहायकों की लापरवाही से योजना का कार्य अवरूद्ध हो रहा है। दोषियों पर कार्रवाई से काम तेज होगा।

## लक्ष्य का 67 फीसदी धन ही खर्च कर सके अफसर

संवाददाता, हमीरपुर

> कुल 11 मदों में मिले 17.20 करोड़ के सापेक्ष अब तक 16.70 करोड़ से अधिक की धनराशि व्यय हो चुकी है। कहा कि 97 फीसदी धनराशि खर्च की जा चुकी है। जो अवशेष है उसे भी समय से व्यय की जाएगी।
>
> -आलोक सिंह, बीएसए

**अमृत विचार।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत बेसिक शिक्षा विभाग को विभिन्न मदों से मिलने वाली ग्रांट को खर्च करने में लापरवाही हो रही है। स्थिति यह है कि अब तक 97 फीसदी धनराशि ही विभाग खर्च कर पाया है। जबकि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा व हमारा आंगन हमारे बच्चे प्रशिक्षण कार्यक्रम में कंजूसी बरती गई है। लक्ष्य का 67 फीसदी धनराशि ही व्यय हो सकी है।

बेसिक शिक्षा विभाग ने शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में भेजे गए अंशकालिक अनुदेशक ग्रांट का 2.86 करोड़ रुपये मिला था। इसके सापेक्ष 2.69 करोड़ रुपये ही खर्च हो पायी है। इस तरह 17 लाख से अधिक अवशेष है। इसी प्रकार शिक्षामित्र मानदेय का 8.67 करोड़ की सापेक्ष 8.46 करोड़ व्यय, 20.91 लाख अवशेष हैं। निशुल्क पाठ्य पुस्तक मद का 3.65 करोड़ के सापेक्ष 3.55 करोड, 10 लाख अवशेष, लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा में दो लाख, व्यय 1.38 लाख और अवशेष 69 हजार, प्री प्राइमरी फर्नीचर में 1.25 लाख खर्च, आंगनबाड़ी प्रशिक्षण में 3.64 लाख के सापेक्ष 3.39 लाख, 24 हजार अवशेष हैं। जबकि मां उन्मुखीकरण को मिले 4.25 लाख में सौ फीसदी खर्च किए गए हैं। वहीं हमारा आंगन हमारे बच्चे प्रशिक्षण मद में 4.75 लाख के सापेक्ष 3.20 लाख खर्च हुए हैं। अभी भी 1.55 लाख अवशेष हैं। जियो टैगिंग भत्ता का 1.96 लाख के सापेक्ष 1.93 लाख व्यय हो चुके हैं। कंपोजिट ग्रांट का 1.83 करोड़ के सापेक्ष सौ फीसदी धनराशि व्यय हो चुकी है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया निरीक्षण

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने थाने का औचक निरीक्षण करके कार्यालय, लाकअप, महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, ई मालखाना, मेस, अपराध रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, शस्त्रागार आदि की व्यवस्थाओं को परखा और मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि फरियादियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और साफ सफाई के साथ पानी- बिजली की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। निरीक्षण के दौरान थानाध्यक्ष राकेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव, कस्बा इंचार्ज प्रमोद कुमार त्रिपाठी, हेड मुहर्रिर राजेश मिश्रा, खालिद अहमद, वकील अहमद आदि रहे।


तपोभूमि में पौधा रोपित करते नव दंपती। अमृत विचार

## नवदंपती ने किया पौधारोपण

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वाधान में नव दंपती ने अपने माता-पिता के साथ सीता, अशोक के पांच- पांच पौधे रोपित कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। समिति के सदस्यों ने नव दंपती को आशीर्वाद देते हुए उनके मंगल जीवन की कामना की।

कस्बे को हरा भरा बनाने में लगी पर्यावरण संरक्षण समिति के तत्वावधान में समिति के उपाध्यक्ष रामशरण वर्मा उर्फ पवन टेलर के पुत्र संजय की शादी 22 फरवरी को संपन्न हुई थी। रविवार को संजय अपनी नववधू कृति अनुरागी के साथ तपोभूमि में सीता अशोक का पौधा रोपित किया। इसी दिन संजय के पिता रामशरण व मां सीमा देवी की भी शादी हुई थी। जिस पर उन्होंने भी शादी की सालगिरह पर सीता अशोक के चार पौधे रोपित कर संरक्षित करने का संकल्प लिया। समिति के सदस्यों ने वर वधू को आशीर्वाद प्रदान कर जीवन के मंगलमय होने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर समिति के संरक्षक मुनीर खान,सचिव राजेश सहारा,अध्यक्ष संतोष कुशवाहा ग्रीन मैन,राखी शिवहरे,रमा ओमर,सुनीता शिवहरे, प्रीति, स्पर्श,गणेश प्रसाद गुप्ता,कुलदीप,सिद्दीक रहे।

## पीएम आज वर्चुअल करेंगे रेलवे स्टेशन कार्य का शिलान्यास

**बांदाः** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बांदा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से 26 फरवरी को शिलान्यास करेंगे। अमृत भारत योजना में झांसी रेल मंडल के 10 रेलवे स्टेशन शामिल किए गए हैं। इनमें हरपालपुर, दतिया, भिंड, ललितपुर, मुरैना, बांदा, चित्रकूट, उरई, महोबा व पुखरायां रेलवे स्टेशन शामिल हैं। यहां यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। सकुर्लेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट और एस्केलेटर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क जैसी सुविधाओं में सुधार के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है। स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार शिवहरे व मंडल रेल प्रबंधक (झांसी) के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि उक्त कार्यों का शिलान्यास होगा।

**सियासत** | प्रधानमंत्री ने कहा कि 18वीं लोकसभा भी युवा आकांक्षा का प्रतीक होगी

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'

कार्यालय संवाददाता, बांदा


सौंता मंडल के बूथ पर कार्यकर्ताओं संग मन की बात सुनते सदर विधायक।

**अमृत विचारः** जन-जन में देशव्यापी लोकप्रियता हासिल कर चुके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 110वें एपिसोड को जनपद के सभी बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ मन लगाकर सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने का आग्रह करते हुए 'मन की बात' कार्यक्रम में कहा कि 18 वर्ष का होने के बाद आपको 18वीं लोकसभा के लिए सदस्य चुनने का मौका मिल रहा है। 18वीं लोकसभा भी युवा आकांक्षा का प्रतीक होगी। इसलिए आपके वोट का महत्व और बढ़ गया है

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात महुआ मंडल सौंता के बूथ नंबर-290 में सुनी। सदर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के हर तबके के लोगों को साथ लेकर चल रहे हैं। उनके दस वर्ष के कार्यकाल में देश में जो विकास हुआ है वह बीते 70 साल में भी नहीं हुआ। इस बार लोकसभा का चुनाव उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से जीतेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मंडल के बूथ नंबर-194 बाउर बाजार में संतू सिंधी, रज्जू कुशवाहा, गोलू गुप्ता, प्रशांत सिंह तथा मुन्ना सिंह आदि कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं की उपलब्धियों, ड्रोन टेक्नोलॉजी और वन्य जीव संरक्षण के प्रयासों पर प्रकाश डाला। भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री तथा जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने बांदा दक्षिणी मंडल के बूथ नंबर-127 और खुटला शक्तिकेंद्र में जिला महामंत्री अखिलेश नाथ दीक्षित, मंडल प्रभारी अजीत प्रकाश गुप्ता, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, पूर्व जिला उपाध्यक्ष उत्तम सक्सेना, आईटी जिला संयोजक दीपक राजपूत व अन्य भाजपा पदाधिकारियों के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने मन की बात अन्तर्गत जैविक खेती करने वाली "नमो ड्रोन दीदी" सुनीता देवी और कल्याणी पाटिल से बात की। पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि कुछ वर्ष पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश के गांव रहने वाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ाएंगी, लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की चर्चा हो रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने बबेरू मंडल के बूथ नंबर-60, देवी नगर में विधानसभा संयोजक विष्णु प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोहन सिंह, वर्तमान मंडल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे व अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ने मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के लिए चुनाव आयोग की सराहना की और फर्स्ट टाइम वोटर्स से आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। भाजपा के जिला महामंत्री तथा मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक कल्लू सिंह राजपूत ने बांदा दक्षिणी मंडल के बूथ नंबर-72, बाकरगंज में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना। इसी तरह भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आनंद स्वरूप द्विवेदी ने तिंदवारी मंडल के बूथ नंबर-209, संतोषी नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं तथा पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार मतदाता बने युवाओं से रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने का आग्रह करते हुए मन की बात में कहा कि 18 वर्ष का होने के बाद आपको 18वीं लोकसभा के लिए सदस्य चुनने का मौका मिल रहा है। 18वीं लोकसभा भी युवा आकांक्षा का प्रतीक होगी। इसलिए आपके वोट का महत्व और बढ़ गया है। जबकि महंत रामशरण दास ने महुआ मंडल के बूथ नंबर 277, मनीपुर में बबलू सिंह, रोहित, ओमप्रकाश आदि कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम को सुना।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै **प्रदीप कुमार राय पुत्र स्व0 सन्त कुमार राय, निवासी-2/753, सेक्टर एच कुर्सी रोड, जानकीपुरम्, लखनऊ -226021,** श्रुति राज गुप्ता पत्नी अमित राज गुप्ता जोकि मेरी पुत्री व दामाद है जो ग्राम-तिवारीपुर, तहसील बक्शी का तालाब जिला-लखनऊ के है से सभी रिश्ते समाप्त कर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य एवं लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगे। मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2010 अनुक्रमांक 0148340 का अंकपत्र यात्रा के दौरान कहीं खो गया है। – **प्रियंका पुत्री अखिलेश निवासिनी- ग्राम कुरसैना तहसील जसवंतनगर, जिला- इटावा**

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम AQEEL AHMAD AZEEZ था अब मैने बदलकर अपना नाम AQEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AQEEL AHMAD S/O: ABDUL AZIZ R/O: VILL SAMMANPUR MACHLI GAON, AMBEDKAR NAGAR

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SALMA KHATOON था अब मैने बदलकर अपना नाम SALMA BEGAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SALMA BEGAM W/O: MOHAMMAD WASEEM R/O: GHASIYARAN TOLA NANPARA, BAHRAICH

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मनोज कुमार मिश्रा पुत्र श्री कैलाश नाथ मिश्रा, निवासी- ग्राम शेखुई कलां, पोस्ट-ज्योनार, जिला- बलरामपुर,** मेरी वर्ष 2015-16 एम0बी0ए0 जिसका रोल नं0-एम-2152310686 सेमेस्टर लेबल प्रथम एवं चतुर्थ जिनका मूल अंक पत्र की मूल प्रति वास्वत में कहीं खो गयी है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम उत्तम गुप्ता के स्थान पर अब उत्तम शुक्ला लिखा एवं पढ़ा जाए। – **उत्तम शुक्ला,स्व0 श्री लक्ष्मी नारायण शुक्ला, मोहल्ला आर्य नगर, नगर पंचायत कोइरीपुर, जनपद सुल्तानपुर,** मो0- 842 9289 467

# ट्राला की टक्कर से कार सवार पांच बाराती घायल, कोहराम

## रात एक बजे हुई दुर्घटना, घायलों को राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** बीती मध्य रात कालपी उरई मार्ग पर अनियंत्रित ट्राले ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। कार में सवार पांच बाराती गम्भीर रूप से घायल हो गए। पिकेट ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने राहगीरों को सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत ज्यादा गम्भीर होने पर जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया।

शनिवार की देर रात नगर के मोहल्ला रामचबूतरा निवासी इशाक मंसूरी की लड़की की बारात जालौन से कालपी आई थी। वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर बराती वापिस जालौन जा रहे थे। मध्य रात करीब एक बजे बरातियों की कार जैसे ही जोल्हूपुर मोड़ पहुंची कि ट्राला अनियंत्रित होकर कार से टकरा गया। जिसमें सवार 18 वर्षीय नासिर पुत्र सोनू जालौन, 35 वर्षीय इस्माइल पुत्र कल्लू उरई, 34 वर्षीय असलम पुत्र यासीन जालौन, राइस पुत्र सत्तार जालौन तथा लल्लू पुत्र लालता प्रसाद तोपखाना जालौन गम्भीर रूप से घायल हो गए।



घायलो का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार

इस दौरान पुलिस पिकेट में ड्यूटी में तैनात कर्मियों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया। चिकित्साधिकारी डॉ. शेख शहरयार ने घायलों का प्राथमिक उपचार करके हालत गम्भीर होने पर सभी घायलों को जिला चिकित्सालय उरई के लिए रिफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद ने बताया कि घायलों का उपचार कराया गया है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### कार गैराज में आग लगने की रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** एक सप्ताह पूर्व उरई रोड पर एक कार गैराज में आग लगने से चार कार समेत लाखों का सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों को खिलाफ मामला दर्ज किया है। कार गैराज मालिक मोहम्मद सलीम ने पुलिस में सूचना दी थी कि उसका उरई रोड स्थित कर गैराज पर एक सप्ताह पूर्व किसी ने आग लगा दी थी जिससे उसका करीब 15 लख रुपए का नुकसान हो गया था जिसमें चार कार पूरी तरह जल गई थी, तथा दो कार में क्षति पहुंची थीं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है

## भांग के ठेकों से हो रही गांजा की बिक्री

**उरई-जालौन।** जनपद में सरकारी भांग की दुकानों पर धड़ल्ले के साथ गांजा की बिक्री की जा रही है। इसके बाद भी विभाग के जिम्मेदार लोग भांग संचालकों पर कार्रवाई करने से कतराते हुए देखे जा सकते है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग द्वारा जनपद में 11 भांग दुकानों के लाइसेंस दिये है। जिनमें चार भांग की दुकानों के लाइसेंस जिला मुख्यालय उरई में दिये गये।सूत्रों की मानें तो जनपद में जितनें भी भांग के ठेकों के लाइसेंस ठेकेदारों को दिये गये है उन ठेकों पर भांग की बिक्री कम ही दिखाई देती है जबकि अवैध गांजा की जोरों के साथ की जा रही है।बताया जाता है कि गांजा की एक पुड़ियां 50 से लेकर 100 रुपये तक बेची जा रही है।भांग के ठेकों तक अवैध रुप गांजा की सप्लाई करने वाले माफियां सक्रीय है जो बाहर से गांजा लाकर भांग ठेकों पर इसकी सप्लाई करते है। इसके बाद भी आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भांग के संचालक ठेकेदारों पर कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं।

# समाज को कुरीतियों से बचाने व शिक्षित बनाने का दिया संदेश

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन

- जाटव समाज का 31वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया
- वरिष्ठ समाजसेवी व युवा मेधावियों को किया गया सम्मानित

**अमृत विचार।** जाटव समाज विकास महासभा की कोर कमेटी द्वारा 31वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। डॉ. अम्बेडकर इंटर कॉलेज जालौन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज में फैली हुयी कुरीतियों को समाप्त करने तथा शिक्षा में लगातार आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष रामशरण जाटव की अध्यक्षता में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों व युवा मेधावियों को भी सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को गतिशील बनाने हेतु समस्त इकाइयों को सकिय करना होगा।




जाटव समाज के वार्षिक सम्मेलन मंचासीन अतिथि। अमृत विचार

महासभा के स्थापना के दौरान तथागत गौतम बुद्ध के बताये हुए रास्ते तथा बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेडकर व संत रविदास के सिद्धान्तों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव जगदेव प्रसाद, रामसनेही जाटव, मनमोहन सिंह जाटव, बौद्ध वीरेन्द्र प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी राजेश जाटव, पूर्व नायब तहसीलदार मुन्ना लाल जाटव, अधिवक्ता विश्वजीत राव, रामबाबू शेखपुरिया, ओमप्रकाश जाटव, नगर अध्यक्ष उरई शारदा प्रसाद, नगर अध्यक्ष जालौन निर्मल जाटव, अ०इ०का० जालौन के प्रबन्धक राजेश कुमार, माताचरण जाटव, भोला नाथ दलित, तकदीर सिंह, इं. आलोक कुमार, महिपाल जाटव, डॉ अखिलेश जाटव, डॉ सत्येन्द्र सिंह, डॉ ब्रजेश जाटव, आदि उपस्थित रहे, संचालन करते हुए प्रदेश महासचिव ने स्थापना समारोह में शामिल हुए सभी समाज के लोगों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा बने।

# टाउनहाल परिसर में बन रहे पार्क का निर्माण तेज

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन

- ओडीए 35 लाख से बनवा रहा पार्क

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय उरई शहर के टाउन हाल मैदान परिसर में जिलाधिकारी राकेश कुमार पाडेय के आदेश पर आधुनिक पार्क का निर्माण हो रहा है। उरई विकास प्राधिकरण की देखरेख में हो रहे पार्क के प्रथम चरण के निर्माण का काम एक माह के अंदर पूरा हो जायेगा।

कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि नफीस ने बताया कि नवनिर्मित पार्क ओडीओ द्वारा 35 लाख रुपये की लागत से बनावाया जा रहा है। पार्क में इंटरलॉकिंग, मिट्टी फिलिंग एवं घास का कार्य एक माह के अंदर पूरा करना है। उन्होंने बताया कि इसमें दो वाटर वाडी, एक फौव्वारा व अन्य कार्य भी शामिल है। उन्होंने बताया कि पार्क निर्माण मानक और गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जा रहा है जिसमें किसी भी प्रकार कोताही नहीं बरती जा रही है।



टाउनहाल परिसर में निर्माणाधीन पार्क।

## महिला सुरक्षा को लेकर अभियान

**उरई।** जनपद के समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर बालिकाओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी एवं उनके अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया।

महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं एवं महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी। अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर पुलिस को सूचित करने के तरीके के बारे में बताया गया । महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा सार्वजनिक स्थानों के आस-पास बेवजह घूम रहे युवकों से पूछताछ कर चेतावनी दी गयी तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गयी। महिलाओं में पुलिस के रवैये से आत्मविश्वास बढ़ा है।

# ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत

संवाददाता,कालपी

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी का जनपद आगमन पर बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी यमुना पुल पर विप्र समाज के लोगों ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। रविवार की दोपहर डेढ बजे लखनऊ से चलकर जनपद के उरई मुख्यालय पर आयोजित ब्राह्मण महाकुंभ में शामिल होने जा रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा पंडित राजेन्द्र नाथ त्रिपाठी का बुन्देलखंड के प्रवेश द्वार कालपी में संगठन के जिला अध्यक्ष राजू पाठक के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में विप्र समाज के लोगों ने गगन भेदी नारों के साथ उनका फूलमालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया तथा स्वागत के उपरांत उनका काफिला जिला मुख्यालय उरई सिटी सेंटर के लिए रवाना हुआ। स्वागत के दौरान विनम्र नारायण तिवारी, जिलाध्यक्ष राजू पाठक, राम श्याम जी महाराज, नगर अध्यक्ष हरिश्चंद्र दीक्षित,जय नारायण त्रिपाठी, रामकुमार तिवारी, बृज गोपाल द्विवेदी, आशुतोष मिश्रा, आरएन शुक्ला,परशुराम सेना जिलाध्यक्ष शिवम व्यास,सेना के नगर अध्यक्ष विवेक तिवारी, परशुराम सेवा के पूर्व जिला अध्यक्ष अनुराग दुबे, आदर्श मिश्रा, रोहित विद्यार्थी, नरेन्द्र द्विवेदी, सचिन दीक्षित, अशोक व्यास, राम लखन द्विवेदी, मोनू शुक्ला, ज्ञानू तिवारी, कृष्ण कुमार दीक्षित, शुभम पाठक, अनुराग तिवारी, दीपू तिवारी, कार्तिक द्विवेदी, भगवान दास तिवारी, चिराग द्विवेदी, ऋषभ द्विवेदी, सिद्धार्थ शर्मा, गोलू पंडित, आदित्य पंडित, उज्ज्वल, हर्षित, शुभ द्विवेदी आदि बडी संख्या में लोग मौजूद थे।



ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते लोग। अमृत विचार



शहर में विजय चौधरी का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

### पूर्व पालिकाध्यक्ष का शहर में हुआ भव्य स्वागत

**उरई-जालौन।** पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी ने विगत दिनों लखनऊ म् प्रदेश नेतृत्व के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद रविवार को गृह जनपद आए। जनपद में प्रथम आगमन पर बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी यमुना पुल पर हजारों लोगों ने स्वागत किया। नगर में प्रवेश करते ही शहर के अम्बेडकर चौराहा पर स्थित मणीन्द्रालय सभागार एवं लोकसभा के केंद्रीय कार्यालय में पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्वागत करने वालों में केन्द्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि रविकांत चमारी शामिल थे। विजय चौधरी के समर्थक सेठ जलील मंसूरी बुम्बई, राजेश खन्ना, अज्जू चौधरी आदि रहे।

# सरकारी जमीन पर दुकानदारों का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, उरई-जालौन

**अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय उरई के राठ रोड पर काफी वर्षों से सरकारी नजूल की जमीन पर दुकानदार अवैध कब्जा करके व्यापार कर रहे थे। तब प्रशासन ने सरकारी जमीन को अतक्रिमणकारियों से मुक्त कराकर अपने कब्जे में ली थी। अब वहां फिर से दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है।



राठ रोड पर अवैध कब्जा। अमृत विचार

- राठरोड गुरुद्वारा के सामने फिर सज गईं दुकानें

शहर में राठ रोड पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले दुकानदारों को तत्कालीन जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने बल पूर्वक हटाकर इस सरकारी जमीन को निषिद्ध क्षेत्र घोषित भी कर दिया था। इसके बाद भी राठरोड स्थित जगराम टिम्बर स्टोर, राठौर टिंबर स्टोर के पार्टनर लोहे किवाड़, जंगले आदि की बिक्री अवैध रूप से सरकारी जमीन कब्जा करके कर रहे है। जिसकी बजह से राठरोड से निकलने वाली आम जनता को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उधर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करते हुए चले जा रहे है। फिर भी प्रशासन अवैध कब्जाधारी दुकानदारों को नहीं हटाया।

## समाधान दिवस में तीन शिकायतें आईं

**जालौन।** जनता की समस्या का शीघ्र निदान के लिए थाना समाधान दिवस का आयोजन कोतवाली परिसर में तहसीलदार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया ,जिसमें तीन शिकायत दर्ज की गई। थाना समाधान दिवस तहसीलदार शिरीष मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें नाली, खेत ,चक रोड संबंधी अलग-अलग फरियादियों ने तीन शिकायत दर्ज कराई जिसको निस्तारण के लिए संबंधित लेखपालों को सौंप दी गई तथा शिकायत का सही निस्तारण के निर्देश दिए । इस मौके पर इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद, अमर सिंह, सर्वेश कुमार सहित लेखपाल उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायतों की व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

संवाददाता, माधौगढ़-रामपुरा

**अमृत विचार।** खंड विकास अधिकारी गणेश कुमार वर्मा ने सचिवों के साथ साप्ताहिक बैठक में ग्राम पंचायतों की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

बीडीओ ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में गौशाला है, वहां सीसीटीवी कैमरे होना अनिवार्य है। गौशाला में हरा चारा, भूसा पेयजल की व्यवस्था भी दुरुस्त होना चाहिए। बीडीओ ने सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा मजदूरों को मजदूरी उपलब्ध करवाई जाए। हर ग्राम पंचायत में सफाई की व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। जिन ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिए गए हैं, वह अभी तक पूरे नहीं हुए हैं तो उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कराएं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में तेजी लाएं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आवेदन ऑनलाइन करवाएं। समस्त ग्राम पंचायत में सार्वजनिक स्थल पर सीसीटीवी कैमरे आवश्यक लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में एडीओ पंचायत भारत सिंह, सचिवों में राममोहन फौजी, मुकेश कुमार सविता, रत्नेश कुमार, केशव कांत त्रिपाठी आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### जिला जज ने पकड़े तीन प्राइवेट कर्मी

**जालौन।** न्यायालय विभाग में गलत तरीके से प्राइवेट बाबू का कार्य कर रहे तीन लोगों को जिला जज ने चेकिंग के दौरान पकड़ा। इसके खिलाफ प्रशासनिक अधिकारी ने कोतवाली में मामला दर्ज कराया । प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने पुलिस में मामला दर्ज कराते हुए बताया कि न्यायालय विभाग में प्राइवेट तरीके से बाबू का कार्य करते अंकित कुमार, एंजेल ,तथा धर्मवीर को जिला जज ने जांच के दौरान पकड़ा । इसके खिलाफ पुलिस में धारा 420, 447, 170 आईपीसी के तहत् मामला दर्ज कराया गया है।

### पुलिस के कार्रवाई न करने से दहशत में पीड़ित

**माधौगढ़-जालौन।** गोहनी निवासी आशीष कुमार ने काफी समय पूर्व में रेढर थाना पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया था कि 15 फरवरी को बंगरा से घर जाते समय रास्ते में दबंगों ने पेट्रोल टैंक वाले मामले को वापस न लेने पर धमकाया था। वह अब भी उसके लिए खतरा बने हैं। रेंढ़र थाना पुलिस द्वारा शिकायत पर कार्रवाई न करने से दबंगों के हौंसले बुलंद हैं।

### रिश्तेदार की लड़की ले उड़ा

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक युवक रिश्तेदार युवती को ले गया। उसका कहीं पता न चलने पर पीड़ित पिता ने मामले की तहरीर पुलिस में दी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती को रिश्तेदारी का युवक बहला फुसलाकर ले गया काफी खोजने के बाद कोई अता पता नहीं चला। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

कार्यक्रम | शासन के निर्देशों पर कालपी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों का परीक्षण

# आयुष्मान भव मेले में 94 रोगियों का उपचार, 14 की जांच

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दिनेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सकों द्वारा 94 मरीजों का उपचार किया गया। 14 मरीजों की जांच कराई गई।

सीएचसी परिसर में आयोजित साप्ताहिक मेले में डॉ. विशाल सचान तथा डॉ. गोपाल जी द्विवेदी के आए मरीजों को बीमारियों के प्रति जागरूक करते हुए डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी ने कहा कि बदलते मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है । उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश तथा चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल सचान ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को मेले का आयोजन किया जाता है । मेले में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा जनता को उपलब्ध कराई जाती है। मेले में मरीजों के हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि का 14 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गये ।

इस मौके पर कुलदीप सचान, जितेंद्र सोनी अशोक कुमार ममता किरण राठौर, आदि कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उदनपुरा में भी आयुष्मान भव मेलो का आयोजन किया गया।



मेले में मरीजों का इलाज करते डॉक्टर। अमृत विचार



एंबुलेंस चालकों का दिया जा रहा प्रशिक्षण। अमृत विचार

## एंबुलेंस चालकों का प्रशिक्षण में दिए टिप्स

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** गंभीर रूप से घायलों तथा दुर्घटनाग्रस्त लोगों को सुरक्षित तरीके से चिकित्सालयों तक तत्परता से पहुंचाकर एंबुलेंस चालक मानवतावादी दायित्व का निर्वाह करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करें। यह उदगार चिकित्साधीक्षक डॉ. दिनेश गुप्ता ने कहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के परिसर में स्थित कोविड भवन में 102 व 108 के एंबुलेंस चालकों की दस दिवसीय एंबुलेंस रिफ्रेश प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चिकित्साधिकारी डॉ. गोपाल जी द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक मरीज को बेहतर सुविधा देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में जिला प्रभारी संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि 20 से 29 फरवरी तक चलने वाले रिफ्रेस ट्रेनिग का कार्यक्रम में चालको को महत्वपूर्ण जानकारियां देकर जगरूक किया जा रहा है। ट्रेनर आशीष ने बताया कि अगर किसी भी मरीज या दुर्घटनाकारी व्यक्ति को सबसे पहले प्राथमिक उपचार करने के लिए निकटवर्ती पीएचसी , सीएचसी तथा जिला चिकित्सालय में पहुँचाये। उन्होंने कहा कि अगर मरीज को खून का रिसाव हो रहा है तो सबसे पहले खून बन्द करना चाहिए। अगर घायल या बीमार व्यक्ति शराब पिये है या गन्दा है तो इस पर ध्यान नही देना चाहिए।

## भाजपाइयों ने सुनी मोदी के मन की बात

**माधौगढ़-जालौन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को रविवार सुबह 11 बजे भाजपाइयों ने पूरी तन्मयता के साथ सुना।

मन की बात में पीएम ने कहा कि पशुपालन ,आवास योजना शौचालय व समूह की बहनों को व्यापार करने के लिए कम ब्याज पर ऋष्ण दिया जाएगा। ताकि गरीब किसान बहिनें आत्मनिर्भर हो सकें। बताया कि लोकसभा चुनाव होने के कारण तीन माह के लिए मन की बात कार्यक्रम को स्थगित किया जा रहा है। भाजपा नेत्री पूजा शुक्ला के नेतृत्व में भाजपाइयों व आमजन ने मन की बात सुनी।

भाजपा नेत्री पूजा शुक्ला ने कुठौंद क्षेत्र में पीएम के मन की बात दुर्गा रिसोर्ट मिहौना रोड पर एलसीडी के माध्यम से क्षेत्र के किसान, कुठौंद मण्डल महिला मोर्चा की महिलाओं व सिरसा जिला पंचायत सदस्य अनिल सेंगर, पूर्व प्रधान विवेक सिंह चौहान, अमित गुप्ता , निशी मिश्रा, सुनीता, आरती, रिचा, नीलम, लाल जी मिश्रा, वरुण शुक्ला आदि के साथ सुना।



आग बुजाती दमकल। अमृत विचार

# पटाखा गोदाम में लगी आग, जले पटाखे

संवाददाता, कदौरा-जालौन

**अमृत विचार।** शनिवार रात को कस्बे के नाका रोड स्तिथ पटाखा गोदाम में आग लगने से लाखो का माल जल कर राख हो गया। हालांकि आग से कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन धमाकों की आवाज दूर तक सुनाई दी। सूचना पर सुबह जब फायर बिग्रेड की गाड़ी घटना स्थल पर पहुंची तब तक सारा समान जल गया था। पटाखा विक्रेता ने तीन लोगो के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र दिया है।

कस्बा के बाजार निवासी संजय पुरवार पुत्र राम स्वरूप पुरवार पटाखा बेचने का कार्य करता है। उसने बस्ती से दूर नाका रोड पर एक गोदाम बना रखा था। बीती रात लगभग 10 बजे गोदाम में आग लग गई लेकिन पड़ोसियों ने सुबह संजय को घटना की सूचना दी घटना की जानकारी पा कर फायर बिग्रेड की भी गाड़ी मौके पर पहुंची। तब तक पूरा गोदाम राख हो गया। संजय ने बताया कि राम जी पुरवार, जगदीश पुरवार व अंचल पुरवार ने रंजिशन गोदाम में आग लगाई है, जिससे उसमे रखा 7 लाख रुपए का माल जल कर खाक हो गया है।

